


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 3 जुलाई 2026 ■ आषाढ़, कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष -42 ■ अंक-096 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 04 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## कलंक लेकर अयोध्या से नहीं जाऊंगा:चंपत राय

**अयोध्या,3 जुलाई।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के आरोपों से घिरे चंपत राय ने अपनी भूमिका से इनकार करते हुए दावा किया कि उन्होंने ही कथित गबन का पर्दाफाश किया था। अयोध्या से कलंक लेकर न जाने की बात कहते हुए राय ने बताया कि उनके कहने पर लगे कैमरों से चोरी का पता चला। इस बीच, एसआईटी ने दोबारा मंदिर परिसर में चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव से पूछताछ की है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी पद से इस्तीफ़ा देने वाले चंपत राय ने डोनेशन चोरी के मामले में किसी भी तरह की भूमिका से इनकार किया है और दावा किया है कि उन्होंने ही कथित गबन का पर्दाफ़ाश किया था। अपना बचाव करते हुए, राय ने कथित तौर पर कहा कि उनके कहने पर ही छिपे हुए सर्विलांस कैमरे लगाए गए थे और उन कैमरों की फुटेज से ही कथित चोरी का पता लगाने में मदद मिली। चंपत राय ने कहा कि अयोध्या में उनकी सेवा पूरी हो गयी है लेकिन वह कलंक के साथ अयोध्या से नहीं जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि आज एसआईटी ने दोबारा अयोध्या पहुंचकर मंदिर परिसर में चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव से एक साथ पूछताछ की। उन्होंने बताया कि गत 13 जून को गठित एसआईटी के सदस्य छह दिन तक जांच करके



प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपने के बाद दूसरी बार मंदिर परिसर में पहुंचे, तब जांच दल ने राय, मिश्रा और राव से अलग–अलग पूछताछ की थी। इस बीच, चंपत राय ने कहा कि उनकी अयोध्या में सेवा पूरी हो गई है और वह कथित राम मंदिर दान गबन विवाद से जुड़े कलंक को अपने साथ लेकर अयोध्या से नहीं जाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक फिलहाल एकांतवास में रह रहे राय ने अपने कुछ करीबी सहयोगियों से यह भी कहा कि उनके साथ विश्वासघात हुआ है। हालांकि यह साफ नहीं हुआ कि उनका इशारा किसकी ओर था। यह घटनाक्रम राम मंदिर के दान में कथित गबन के विवाद और कुछ ट्रस्ट पदाधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की वकीलों के एक वर्ग की मांग के बीच आया है। सूत्रों ने कहा कि राय और ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा, जो पहले ही अपने पदों से इस्तीफा दे चुके हैं, का भविष्य छह जुलाई को अयोध्या में होने वाली श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में दो-तिहाई बहुमत से तय होने की संभावना है। मामले से जुड़े एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में फैजाबाद बार एसोसिएशन के वकीलों ने राम मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन मामले में विरोध मार्च निकाला और राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य अनिल मिश्रा और गोपाल राव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए पुलिस को शिकायत दी। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि इस मामले में पहली प्राथमिकी दर्ज कराने वाले शिकायतकर्ता एवं ट्रस्ट के एक अन्य सदस्य कृष्ण मोहन का नाम भी वकीलों द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत में आरोपी के तौर पर शामिल किया गया है।

## जल्द गिर सकते हैं पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली,3जुलाई।** पश्चिम एशिया में तनाव के दौरान दुनियाभर में कच्चे तेल के दाम आसमान छू गए थे। कई देशों में पेट्रोल की कीमतें 20 से 35 प्रतिशत तक बढ़ी थीं। भारत ने उस बोझ को आम लोगों पर नहीं पड़ने दिया। यही वजह है कि अब दाम घटाने में भी थोड़ा वक्त लग रहा है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसकी वजह भी साफ बताई है। उन्होंने बताया कि तेल खरीद से लेकर रिफाइनिंग तक की पूरी प्रक्रिया में समय लगता है। जो कच्चा तेल अभी रिफाइन हो रहा है, वह संकट के समय ऊंचे दाम पर खरीदा गया था। इसलिए वैश्विक कीमतों में गिरावट का असर तुरंत नहीं दिखता। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अभी दाम घटाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हालात स्थिर रहने पर सरकार समीक्षा करेगी। तेल आपूर्ति की पूरी प्रक्रिया में हफ्तों से लेकर महीनों तक का समय लगता है। हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि सरकारी तेल कंपनियों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। 28 फरवरी से 30 जून के बीच यह घाटा 74 हजार 781 करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

### यात्रियों से भरी बस पलटी, 10 घायल

**जशपुर,3 जुलाई।** जिले में शुक्रवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यात्रियों से भरी एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के वक्त बस में करीब 40 यात्री सवार थे। दुर्घटना में 10 से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें कुछ को गंभीर चोटें आई हैं। मिली जानकारी



के अनुसार, जय बाला जी नाम की बस झारखंड के रामगढ़ से कोरबा की ओर जा रही थी। सुबह करीब 4 बजे कुनकुरी थाना क्षेत्र के टांगरपानी गांव के पास चालक का बस से नियंत्रण हट गया, जिसके बाद बस पलट गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे की वजह चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया। सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए होली क्रॉस हॉस्पिटल, कुनकुरी में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### अनियंत्रित होकर पलटी सीआरपीएफ की गाड़ी, 6 जवान घायल

**श्रीनगर,3जुलाई।** मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनमर्ग (गगनगीर) सुरंग के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गया। इस हादसे में वाहन में सवार सीआरपीएफ के 6 जवान घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से वाहन सड़क से फिसल गया। इस हादसे में सीआरपीएफ के 6 जवानों को चोटें आई हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर राहत कार्य शुरू किया गया। सभी घायल जवानों को दुर्घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया है। इसके बाद, बेहतर और आगे के इलाज के लिए उन्हें पास के गुंड स्थित सीआरपीएफ शिविर और नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय पुलिस ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सौतेली बहन को भाई-बहनों की कस्टडी देने से हाईकोर्ट का इंकार

**बिलासपुर, 3 जुलाई।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने दो मासूम भाई-बहनों की सुरक्षा और पुनर्वास से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए सौतेली बहन और उसके पति को बच्चों की कस्टडी देने से स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने कहा कि उपलब्ध रिपोर्टों से बच्चों के साथ शारीरिक, मानसिक और यौन प्रताड़ना के गंभीर आरोप सामने आए हैं, इसलिए किसी भी परिस्थिति में उन्हें याचिकाकर्ता के सुपुर्द नहीं किया जा सकता।कोर्ट ने सौतेली बहन चंपा बाई की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज कर दी, यह कहते हुए कि बच्चे अवैध हिरासत में नहीं बल्कि बाल कल्याण समिति की निगरानी में सुरक्षित हैं। साथ ही अदालत ने सौतेली बहन और उसके पति के बच्चों से मिलने पर भी स्थायी रोक लगा दी है।छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की निदेशक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नौशीना आफरीन अली की गोपनीय काउंसलिंग रिपोर्ट में बच्चों ने बताया कि उन्हें घर में काम कराने, मारपीट करने और प्रताड़ित किए जाने का सामना करना पड़ा। बच्ची ने अपने जीजा पर यौन शोषण के प्रयास का भी आरोप लगाया, जिसके संबंध में आपराधिक मामला दर्ज है। दोनों बच्चों ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे किसी भी स्थिति में सौतेली बहन के घर वापस नहीं जाना चाहते।हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि भाई-बहनों को यथासंभव एक ही शहर के अलग-अलग बाल गृहों में रखा जाए तथा सप्ताह में कम से कम एक बार सुरक्षित वातावरण में मिलने की व्यवस्था की जाए। बच्चों की इच्छा को देखते हुए अदालत ने उनके दीर्घकालिक पुनर्वास, फॉस्टर केयर अथवा गोद लेने की संभावनाओं पर भी विचार करने के निर्देश दिए हैं।

## 17 जजों का ट्रांसफर : अजय सिंह संभालेंगे एनआईए कोर्ट की कमान

बिलासपुर,3जुलाई। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय ने उच्च न्यायिक सेवा संवर्ग के न्यायिक अधिकारियों को तबादला आदेश जारी किया है. इस आदेश में 17 उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारियों को तबादला किया गया है. हाईकोर्ट से जारी आदेश में जगदलपुर में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत को स्पेशल जज एनआईए कोर्ट जगदलपुर में पदस्थ किया गया है. सिद्धार्थ अग्रवाल द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगदलपुर को प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगदलपुर, किरन कुमार जांगड़े को प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलरामपुर-रामानुजगंज, विनय कुमार प्रधान अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी पाक्सों रायपुर को रायपुर में ही एफटीसी कोर्ट में पदस्थ किया गया है. डमरूधर चौहान षष्ठम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रायपुर को दसम जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद रायपुर में ही पदस्थ किया गया है.

**ओमप्रकाश जायसवाल बने हाईकोर्ट के नए रजिस्ट्रार**

इस प्रकार बलौदाबाजार के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी का तबादला हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार विजलेंस के पद में किया गया है. बलौदाबाजार के प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा का छत्तीसगढ़ न्यायिक अकादमी बिलासपुर में एडिशनल डायरेक्टर के पद में तबादला किया गया. हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमेटी के सचिव ओम प्रकाश जायसवाल को हाईकोर्ट में ही रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल के पद में पदस्थ किया गया है. रूपनारायण पात्रे द्विबतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिलासपुर को हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमेटी हाईकोर्ट में सचिव के पद में पदस्थ किया गया है. विनिता वारनेर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूरजपुर को बलौदाबाजार में पदस्थ किया गया. सूरजपुर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश थामस एक्का को सूरजपुर में ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद में पदस्थ किया गया है. रायपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को विशेष न्यायाधीश एस्ट्रोसिटी कोर्ट का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. विशेष न्यायाधीश एनआईए को जगदलपुर संगीता नवीन तिवारी का बलौदाबाजार में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलरामपुर-रामानुजगंज डॉ.मनोज कुमार प्रजापति का सारंगढ़ रायगढ़, अमित राठौर द्विबतीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ का रायपुर, हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार न्यायिक सुमित कपूर का रायपुर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ न्यायिक अकादमी के एडिशनल डायरेक्टर अमित कुमार कोहली को बलरामपुर-रामानुजगंज तबादला किया गया है. हाईकोर्ट के वेब साइड में तबादला आदेश जारी कर दिया गया है.

## विवादों से घिरे प्रभारी कार्यपालन अभियंता नवीन तोंडे का तबादला

**बीजापुर 03 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़)** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के अंतर्गत अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार, बीजापुर पीआईयू-1 के प्रभारी कार्यपालन अभियंता नवीन तोंडे का तबादला कर उन्हें पीआईयू-2 धरमजयगढ़ भेजा गया है। उनके स्थान पर रूपेन्द्र कुमार भुआर्य को प्रभारी कार्यपालन अभियंता, परियोजना क्रियान्वयन इकाई (PIU)-1, बीजापुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अनिल कुमार बरेठ को प्रभारी कार्यपालन अभियंता, PIU-2, बीजापुर बनाया गया है।



बताया जा रहा है कि नवीन तोंडे का कार्यकाल भ्रष्टाचार के आरोपों और विवादों को लेकर चर्चा में रहा। ऐसे में उनके तबादले को प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है। राज्य शासन के अवर सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी स्थानांतरित अधिकारियों को 10 दिनों के भीतर नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बस खाई में गिरी पाकिस्तान में 40 लोग मरे

**करांची,3जुलाई।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की सीमा के पास एक बस हादसा हो गया है, जिसमें 40 लोगों की मौत की खबर है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हादसे पर दुख जताया है। फिलहाल, घायलों को बचाने की काम जारी है। पाकिस्तान में एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक बस के खाई में गिरने से 40 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 8 लोग घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस और बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और शवों और घायलों खाई से बाहर निकाल कर पास के अस्पतालों में पहुंचाया। खबर है कि इस बस में दूसरे वाहन के भी यात्री सवार थे, जिससे यह खचाखच भरी हुई थी।

## भाजपा किसान मोर्चा मंडल मंत्री पर जानलेवा हमला

**कोरबा,3 जुलाई।** जिले के भुलसीडीह गांव में भाजपा किसान मोर्चा मंडल मंत्री एवं पोल्ट्री फार्म व्यवसायी कपिलेश्वर धीरज पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने उनकी कार में तोड़फोड़ करने के बाद लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की और 60 हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल कपिलेश्वर धीरज को डायल-112 की सहायता से जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, कपिलेश्वर धीरज निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के पास अपनी दुकान बंद कर बुधवार देर रात घर लौट रहे थे। इसी दौरान भुलसीडीह गांव के पास कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले उनकी कार में तोड़फोड़ की और फिर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल भाजपा नेता का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनके पास रखे 60 हजार रुपये नकद भी लूट लिए। हमले के बाद वे बेहोश हो गए, जिसके बाद आरोपी उन्हें मृत समझकर मौके से फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर डायल-112 मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। कपिलेश्वर धीरज का आरोप है कि निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर और



आसपास के क्षेत्रों में गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों की अवैध सप्लाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी गतिविधि का विरोध करने और संबंधित लोगों को समझाइश देने के बाद से उन्हें धमकियां मिल रही थीं। उनका दावा है कि इसी रंजिश के चलते उन पर हमला किया गया। घायल नेता ने आरोप लगाया है कि घटना में शामिल मुख्य आरोपियों में एक स्थानीय कांग्रेस नेता का बेटा और एक पुलिस चौकी में पदस्थ सरकारी वाहन चालक भी शामिल है। उनका कहना है कि आरोपियों द्वारा पहले भी उन्हें धमकाया गया था।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मारपीट, तोड़फोड़ और लूट के आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## करंट लगने से पिता-पुत्र व बिजली गिरने से मां-बेटी की गई जान

**कवर्धा,3 जुलाई।** कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बीरनपुर कला में गुरुवार सुबह एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। जंगली जानवरों से फसल बचाने के लिए खेत की मेड़ पर लगाए गए अवैध विद्युत झटका तार (इलेक्ट्रिक फेंसिंग) की चपेट में आने से किसान गोकरण पटेल (55) और उनके पुत्र परमेश पटेल (22) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कुछ ही मिनटों में पिता-पुत्र की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और पूरे गांव में मातम छा गया।

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में बिजली गिरने से मां-बेटी की मौत हो गई है। मानती टेकाम (33) और उनकी बेटी कुमारी विमला टेकाम (14) खेत में काम करने गई थीं। गुरुवार दोपहर तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए दोनों खेत के पास स्थित पेड़ के नीचे खड़ी थीं, तभी चपेट में आ गईं।

## ई-रिक्शा को बीच सड़क रोकने वाले 3 खतरनाक एप को ब्लाक करने का आदेश

**नई दिल्ली,3 जुलाई।** सरकार ने तीन ऐसे मोबाइल ऐप को हटाने का आदेश दिया है, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर सड़कों पर ई-रिक्शा या बैटरी से चलने वाले वाहनों को अचानक रोकने के लिए किया जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि बीएटी-बीएमएस, लॉसिजी और एपॉक-आई-आयन जैसे तीन ऐप्स को हटाने का आदेश दिया गया है और गलत इस्तेमाल हो रहे ऐसे किसी भी अन्य ऐप को भी अवरुद्ध कर दिया जाएगा। ये ऐप्स विवाद शुरू होने से काफी पहले ही गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध थे और इन्हें बैटरी की जांच और प्रबंधन के लिए बनाया गया था। शुरुआत में बीएटी-बीएमएस कोई हैकिंग उपकरण नहीं था। शेनझेन ग्रीनर्जी टेक्नोलॉजी ने इसे ब्लूटूथ-सक्षम लिथियम-आयन बैटरियों के लिए एक उपयुक्त सहायक ऐप के रूप में विकसित किया था। इसका उद्देश्य बैटरी से जुड़ी जानकारी प्रदर्शित करना था, जैसे वोल्टेज, तापमान, चार्ज चक्र और अन्य उपयोगी जानकारियां। यह उपयोगकर्ताओं को रखरखाव करने और आवश्यकता पड़ने पर बैटरी के डिस्चार्ज (ऊर्जा निष्कासन) कार्य को बंद करने की सुविधा भी प्रदान करता है। इस वजह से, लगभग 10 से 15 मीटर की ब्लूटूथ रेंज में मौजूद कोई भी व्यक्ति बिना किसी रोक-टोक के ऐप के ज़रिए बैटरी से कनेक्ट हो सकता था। शरारती लोग इसी का फ़ायदा उठाते थेः वे पास के ई-रिक्शा से कनेक्ट हो जाते थे और सवारी के बीच में ही बैटरी बंद कर देते थे, जिससे ड्राइवर बीच रास्ते में ही फँस जाते थे और परेशान हो जाते थे। लोगों को चिंता होने लगी, और यह निश्चित रूप से यात्रियों के लिए एक बड़ा जोखिम है। इससे यह भी पता चलता है कि कनेक्टेड गाड़ियाँ सुरक्षा का ध्यान कैसे रखती हैं।

### 23वां फीफा विश्वकप 2026, राउंड आफ 32 तक का सफर हुआ सफलता से तय

## खिलाड़ी और आयोजक दोनों गुज़र रहे कठिन परीक्षा के दौर से

**आलेख .. जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टी वी कमेंटेटर, रायपुर ,छ ग**

खेलकूद के क्षेत्र में इस समय पूरे विश्व में सिर्फ एक ही स्पर्धा का नाम सबसे अधिक चर्चित है वह है फीफा विश्व कप 2026. वैसे इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि फुटबॉल दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल है . इस बार विश्वकप के मेजबानी का जिम्मा उत्तरी मध्य अमेरिकन क्षेत्र के देश संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा तथा मैक्सिको को मिला है जोकि 11 जून से 19 जुलाई तक आयोजित है। पूर्व के फीफा विश्व कप के परिणाम ने नजर डालने से पता चलता है कि मैक्सिको ने अकेले ही 1970 तथा 1986 में दो बार विश्व कप का आयोजन किया जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में 1994 में एक बार फीफा विश्व कप का आयोजन हो चुका है। फीफा विश्व कप में पहली बार 48 देशों विभिन्न चरणों को मिलाकर 104 मुकाबले होंगे। इसमें से अमेरिका के 11 शहरों में 78 मैच, मैक्सिको के तीन शहरों में 5 मैच और कनाडा के दो शहरों में 6 मैच खेला जाना तय हुआ है। फुटबाल के इस विश्वकप में जिन 16 शहरों में मुकाबले होंगे उनमें से सबसे बड़ा याने सबसे अधिक 80,824 दर्शक क्षमता वाला स्टेडियम एस्टाडियो एज्टेका है जो कि मैक्सिको सिटी में स्थित है। इसी तरह सबसे कम दर्शक क्षमता वाला स्टेडियम जिसमें एक बार में 43036 दर्शक एक साथ मैच का आनंद ले सकते हैं। यह टोरंटो शहर में है। 48 टीम में से एशिया महाद्वीप की 9 टीम क्रमशः आस्ट्रेलिया, ईरान, इराक, जापान, जार्डन, कतर, सउदी अरब, दक्षिण कोरिया, उजबेकिस्तान ने योग्यता हासिल की। अफीका महाद्वीप से 10 टीम ने मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। उनमें अल्जीरिया, केप वर्डे, डीआर कांगो, मिस्त्र, घाना, आइवरी कोस्ट, मोरक्को, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका, ट्यूनीशिया शामिल थी। उत्तरी मध्य अमेरिकन और कैरेबियाई क्षेत्र से 6 टीम ने मुख्य ड्रा में जगह पाई। उनमें कनाड़ा कुआकाओ, हैती, मैक्सिको, , संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल थी। फीफा द्वारा पूरे विश्व को 6 जोन में बांटा गया था. इसी आधार पर टीम मुख्य ड्रा में प्रवेश करती हैं। दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में फुटबाल का क्रेज कितना है इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि दक्षिण अमेरिका की कुल 10 टीम में से 6 ने योग्यता प्राप्त किया। उनमें अर्जेंटीना, ब्राजील, कोलंबिया, इक्वाडोर, पैराग्वे तथा उराग्वे शामिल हैं। सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि फुटबाल के इस विश्वकप के 22 संस्करणों में से अर्थात् अर्जेंटीना ने तीन ब्राजील ने पांच तथा उरुग्वे ने दो बार विश्वकप जीता है। इसी तरह ओसिआनियन क्षेत्र से एक मात्र देश न्यूजीलैंड ने योग्यता हासिल की है। यूरोपियन क्षेत्र से सर्वाधिक 16 टीम ने मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। उनमें आस्ट्रिया, बेल्जियम, बोस्निया एंड हर्जेगोविना, क्रोएशिया, चेक रिपब्लिक, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड्स, नार्वे, पुर्तगाल, स्काटलैंड स्पेन, स्वीडन, स्वीट्जरलैंड और तुर्की सम्मिलित हैं। उपरोक्त 48 टीम को ए से लेकर एल तक 12 ग्रुप में प्रत्येक ग्रुप में चार टीम के हिसाब से बांटा गया था। 11 जून से 27 जून 2026 तक ग्रुप स्टेज मैच हुए जिसमें 48 में से 16 टीम स्पर्धा से बाहर हो गई। इनमें सबसे खराब प्रदर्शन एशियाई देशों का रहा। एशिया की 9 में से 7 टीम पहले ही चक्र में परास्त हो गई जबकि यूरोप की 16 में से सिर्फ 3 टीम, उत्तर-मध्य अमेरिकान की 6 में से 3 टीम, अफ्रीका महाद्वीप की 10 में से एक टीम, दक्षिण अमेरिका की 6 में से एक टीम जबकि ओसिआनिया की एकमात्र टीम न्यूजीलैंड राउंड आफ 32 में जगह बनाने में असफल रही। इस प्रकार 23वां फीफा विश्वकप निर्धारित कार्यक्रम से आगे बढ़ रहा है। फीफा के अधिकारियों के लिए इस विश्वकप का आयोजन एक बड़ी चुनौती है। तीन देशों में 104 मैच का सुव्यवस्थित संचालन कोई साधारण बात नहीं है। एक मैच स्थल बैंकुवर से दूसरे देश के मैच स्थल मैक्सिको सिटी की दूरी 3994 किमी, बैंकूवर से बोस्टन की दूरी 5119 किमी, बोस्टन से मैक्सिको सिटी की दूरी 3700 किमी, मैक्सिको से टोरांटो की दूरी 3250 किमी है। इस तरह फीफा के अधिकारियों की दूरदृष्टि, लगाव, जुझारूपन से सभी खेलप्रेमियों को सबक लेना चाहिए। खेल स्पर्धा का सफलतापूर्वक आयोजन पदाधिकारियों की आपसी एकता, अनुशासन को दर्शाती है।

# सीसी रोड के लिए जनपद सभापति व ग्रामीणों ने सांसद का जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 जुलाई।** ग्राम निपानी के भाटापारा मुख्य मार्ग पर वर्षों से पक्की सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामवासियों को बड़ी राहत मिली है। क्षेत्रीय सांसद विजय बघेल जी द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से निर्माण हेतु राशि पांच लाख बीस हजार रुपये स्वीकृति प्रदान की गई है। इस सड़क के बनने से ग्रामीणों को बारिश के दिनों आवागमन में हो रही परेशानी दूर होगी। बरसात के दिनों में कीचड़ एवं जलभराव के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सड़क स्वीकृत होने पर भाजपा बूथ अध्यक्ष नारद साहू, भरत निर्मलकर, मुकेश ठाकुर, कुंजबिहारी सिन्हा, मंगल साहू, ललित साहू, हेमसिंग साहू, रोहित सोनकर, नरेश सिन्हा, चंदन बंजारे, दुखित महिलागे, जगेंद्र सिन्हा, नरेश नट, तोमन सिन्हा, अशोक सिन्हा, बेदन रघवंशी, बसंत साहू, भोज निषाद, दिनेश डहरिया, जगत यादव, सानू मार्कण्डेय, रामेश्वर रघवंशी, लक्ष्मीकांत साहू, बीरेंद्र सेन, अजय साहू, साकेत साहू, रविशंकर जोशी, ग्राम पंचायत के सरपंच राजेश ठाकुर, उपसरपंच तोरण साहू,एवं समस्त पंचगण और जनपद सभापति रवि सिन्हा ने सांसद विजय बघेल का आभार व्यक्त किया है।



## शिवसेना ने नेशनल हाईवे से आवारा पशुओं को हटाने की मांग की

**भिलाई, 3 जुलाई।** शिवसेना भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नेशनल हाईवे एवं प्रमुख मार्गों पर विचरण कर रहे आवारा पशुओं को तत्काल हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन पशुओं के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाओं और यातायात बाधित होने की आशंका बनी रहती है। राजू ने बताया कि कुम्हारी टोल प्लाजा से खारुन नदी पार कर नंदनवन चौक स्थित श्रीराम धर्म कांटा के समीप नेशनल हाईवे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गाय की मौत हो गई। घटना के बाद पशु का शव सड़क पर पड़े रहने से यातायात प्रभावित हुआ और जाम जैसी स्थिति निर्मित हो गई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में समाधान 1100 में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें 24 घंटे के भीतर समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया गया है। शिवसेना जिला अध्यक्ष ने शासन-प्रशासन से मांग की कि नेशनल हाईवे तथा क्षेत्र की प्रमुख सड़कों से आवारा पशुओं को तत्काल हटाने की प्रभावी व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्षा ऋतु में सड़कें फिसलन भरी होने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में समय रहते आवश्यक कदम उठाना जनहित एवं सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है।

# सिध्दि विनायक गणेश मंदिर का स्थापना दिवस मनाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,3 जुलाई।** नगर पंचायत उतई अंतर्गत वार्ड 9 में स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर का 9 वा स्थापना पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,नगर पुरोहित पंडित उमाशंकर अवस्थी द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना किए,इस पूजा अर्चना में सात नवविवाहित जोड़े ने पूजा अर्चना में शामिल होकर कार्यक्रम को रोचक बना दिया,साथ ही छग शासन के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शरीक होकर कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया।गणेश जी की पूजा अर्चना के पश्चात वार्ड के नवयुवको द्वारा महाप्रसादी का भी आयोजन रखा था जिसे वार्डवासी,नगरवासी बड़ी संख्या में पहुंच कर प्रसादी ग्रहण किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड के पार्षद द्वारिका साहू,संतोष बंभोले,धनी साहू थान सिंह, डीकेश साहू, चुनूं ढीमर,आदि का सहयोग रहा,कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक भीषम हिरवानी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डीकेंद्र हिरवानी,पूर्व पार्षद तोषण साहू, प्रहलाद वर्मा,सुरता सिंह,बीरेन्द्र गोस्वामी,भावेश साहू,बहादुर नेताम,धनंजय नेताम डोमन साहू आदि शामिल हुए।

## एक नजर

### गांजा बेचने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 3 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र के कुकदा रोड के पास अवैध रुप से गांजा बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार करते कुम्हारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से दो लाख से अधिक का गांजा, एक पल्सर व एक नग मोबाइल आईफोन एवं नगदी रकम 20 हजार रुपए को जब्त किया है कुम्हारी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि कुकदा रोड कुम्हारी के पास एक पल्सर मोटर साइकिल में दो व्यक्ति अवैध रूप से गांजा रखने सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम मौके पहुंची तो देखा कि दोनों व्यक्ति अवैध गांजा रखकर ग्राहक का इंतजार करते मिले पूछताछ करने पर आरोपी सूरज कुमार कोसले (20 साल ) कुंदरापारा पोटिया थाना पद्मनाभपुर और सतीश ठाकुर (23 साल ) निवासी पोटिया कुंदरापारा थाना पद्मनागपुर दुर्ग ने अवैध गांजा रखना स्वीकार किया गया। आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है।

### अवैध रूप से शराब बेचते युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 3 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने अवैध रुप से शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से 30 पौवा देशी मसाला शराब (कुल 5.400 बल्क लीटर) जब्त किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है पुरानी टीआई भिलाई विजय यादव ने बताया कि थाना पुरानी भिलाई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बिजली नगर भिलाई-03 मैदान स्थित खंडहर के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की। उसने अपना नाम सुरेश बारिक (36 साल ) निवासी दुर्गा मंदिर के पास लोधीपारा खुर्सीपार बताया। आरोपी के कब्जे में रखे कपड़े के थैले की तलाशी लेने पर उसमें 30 नग पौवा देशी मसाला शराब (प्रत्येक 180 एमएल) कुल 5.400 बल्क लीटर बरामद की है ।

### पुलिस ने दुकान से शराब जब्त की

**भिलाई, 3 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के 80 फीट रोड स्थित एक दुकान में अवैध रूप से बिक्री करने के लिए रखी गई शराब को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जब्त किया है इस मामले में पुलिस ने दुकान में छापा मारते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है आरोपिया के पास से बिक्री के लिए रखी गई 40 पौवा देसी मदिरा, प्लास्टिक की बाल्टी तथा शराब बिक्री की राशि 11,050 रुपए जब्त किया गया है। आरोपिया के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकान पर छापा मारा यहां महिला अपने घर-दुकान में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रही थी। घेरा बंदी करते हुए आरोपियों को पकड़ा गया।

### कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय में करने के दिए निर्देश

**दुर्ग, 3 जुलाई ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, खाता विभाजन, भू-अभिलेख, भू-अर्जन, डायवर्सन और नक्शा बटांकन से जुड़े मामलों में समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में तहसीलवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे के मामलों का अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कलेक्टर ने निकायवार पट्टाधारी सर्वे की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को 15 जुलाई तक सर्वे कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही अतिक्रमण के प्रकरणों का परीक्षण कर तत्काल कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने एग्रीस्टैक पोर्टल पर किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने तथा बकेट क्लेम में लंबित किसानों के पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# आयुक्त ने लिया नागरिक सुविधाओं का जायजा जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 3 जुलाई।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण कर निर्माणाधीन विकास कार्यों तथा नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने तथा नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने औद्योगिक क्षेत्र में प्रस्तावित नाली निर्माण स्थल का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के लिए प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करना निगम की प्राथमिकता है। इसके पश्चात बालाजी नगर में पाइपलाइन कार्य का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। क्षेत्रवासियों ने पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाने की मांग रखी, जिस पर आयुक्त ने जोन आयुक्त को आवश्यक निर्देश देते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आवश्यकतानुसार सार्वजनिक नल लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि पेयजल की अनावश्यक बर्बादी रोकी जा सके। आयुक्त ने मिनी माता नगर में स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद वार्ड क्रमांक-42 गौतम नगर में प्रस्तावित सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। सड़क की जर्जर स्थिति से नागरिकों को हो रही असुविधा को देखते हुए उन्होंने शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान आयुक्त पाण्डेय ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण कर नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद के. जगदीश, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सहायक अभियंता चंद्रकांत साहू, उप अभियंता बसंत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन में टिकट कालाबाजारी के आरोप में युवक गिरफ्तार




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,3 जुलाई।** (आरपीएफ) दुर्ग ने रेलवे ई-टिकटों की कालाबाजारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उतई स्थित एक ऑनलाइन एवं चॉइस सेंटर पर छापा मारकर अवैध टिकट कारोबार का पर्दाफाश किया है कार्रवाई के दौरान केंद्र संचालक भोज कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से व्यक्तिगत आईआरसीटीसी यूजर आईडी के जरिए बनाए गए कई रेलवे आरक्षित ई-टिकट बरामद किए गए हैं आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त बिलासपुर के निर्देशन और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रायपुर के मार्गदर्शन में रेलवे टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत दुर्ग आरपीएफ टीआई एस. के. सिन्हा के नेतृत्व में उप निरीक्षक सनातन थनापति और आरक्षक एस.आर. मीणा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर उतई के सद्भावना चौक स्थित एडविक ऑनलाइन एवं चॉइस सेंटर में दबिश दी जांच के दौरान संचालक भोज कुमार साहू, निवासी घुघवा (थाना भिलाई-3), अपने व्यक्तिगत आईआरसीटीसी यूजर आईडी का उपयोग कर विभिन्न यात्रियों के लिए रेलवे आरक्षित टिकट बुक करते पाया गया रेलवे नियमों के अनुसार व्यक्तिगत यूजर आईडी का व्यावसायिक उपयोग प्रतिबंधित है और यह रेल अधिनियम का उल्लंघन माना जाता है 9 ई-टिकट और दस्तावेज जब्त आरपीएफ टीम ने आरोपी के कब्जे से कुल नौ रेलवे आरक्षित ई-टिकट जब्त किए, जिनकी कुल कीमत 16,290.60 रुपए है। इनमें दो लाइव टिकट भी शामिल हैं, जिनका मूल्य करीब 7,259 रुपए बताया गया टिकटों के साथ संबंधित दस्तावेज भी जब्त कर लिए गए हैं आरोपी के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग में रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

# भानुप्रताप राजभर भाजपा किसान मोर्चा भिलाई जिला के मंत्री नियुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 3 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा भिलाई जिला में भानुप्रताप राजभर को जिला मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनका मनोनयन भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के अनुमोदन उपरांत किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक यादव द्वारा किया गया। नवनियुक्त जिला मंत्री भानुप्रताप राजभर को संगठन ने किसान हितों से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि भानुप्रताप राजभर अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### संसाधन स्रोत केंद्र हेतु स्पीच थैरेपिस्ट और अटेंडेंट पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग, 3 जुलाई ।** जिले में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण शासकीय पहल की गई है। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़, रायपुर के दिशा-निर्देशों के परिपालन में, जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा दुर्ग द्वारा विकासखण्ड स्तर पर संचालित संसाधन स्रोत केन्द्रों के लिए अस्थाई नियुक्तियों हेतु विज्ञापन जारी किया गया है।



## यूनिवर्सल रेल मिल ने रचा इतिहास उत्पादन और प्रेषण के बने नए कीर्तिमान

**भिलाई, 3 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) ने जून-2026 में 92,073 टन रेल प्राइम प्रोडक्शन कर विभाग के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन दर्ज किया। साथ ही 89,059 टन रेल का 94 रेकों के माध्यम से प्रेषण कर मासिक रेल प्रेषण का भी नया रिकॉर्ड बनाया। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में यूआरएम ने 2,44,028 टन प्राइम प्रोडक्शन के साथ सर्वश्रेष्ठ तिमाही उत्पादन का कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं जून में 97.1 प्रतिशत प्राइम एक्सेप्टेंस यील्ड हासिल कर तकनीकी प्रदर्शन का भी नया रिकॉर्ड बनाया। इस उपलब्धि पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने शॉप फ्लोर पहुंचकर अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी।

# निकाय कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांगों पर विभागीय सचिव से महासंघ ने की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 3 जुलाई।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री अरुण साव के निर्देश पर स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को मंत्रालय स्थित महानदी भवन में विभागीय सचिव श्रीमती आर. शंगिता से मुलाकात कर प्रदेश के नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। महासंघ ने इस दौरान 15 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत कर बिंदुवार निराकरण की मांग की। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शरद दुबे के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं से सचिव को अवगत कराया। चर्चा के दौरान सचिव ने आश्वस्त किया कि आगामी तीन माह के भीतर निकाय कर्मचारियों के वेतन भुगतान की व्यवस्था में सुधार दिखाई देगा। उन्होंने बताया कि लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों में पद स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव को मंत्री स्तर से अनुमोदन मिल चुका है और शीघ्र आदेश जारी किए जाएंगे। सचिव श्रीमती आर. शंगिता ने कहा कि मांग पत्र के कुछ विषय नीतिगत प्रकृति के हैं, इसलिए उनके निराकरण में कुछ समय लग सकता है। महासंघ के प्रदेश महामंत्री अनिल सिंह ने प्रदेश स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक शीघ्र आयोजित करने का अनुरोध किया, जिस पर सचिव ने सहमति प्रदान की। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री सुरेश तिवारी, राष्ट्रीय मंत्री संजय मिश्रा, संयोजक विष्णु चंद्राकर, उपाध्यक्ष गोपाल सिन्हा, जिला प्रवक्ता नवीन साहू तथा जयप्रकाश दुबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले के आदतन अपराधी सोमेश के खिलाफ जिलाबदर का आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 3 जुलाई (तछसं)।** जिले के आदतन अपराधी पर जिला दंडाधिकारी दुर्ग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के तहत जिलाबदर का आदेश पारित किया गया है। आरोपी के विरुद्ध वर्ष 2002 से 2023 के बीच लूट, मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी, अवैध हथियार रखने एवं अवैध शराब बिक्री करने सहित कुल 27 आपराधिक प्रकरण दर्ज हुए थे बार-बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किए जाने के बावजूद आरोपी के आचरण में सुधार नहीं होने पर, उसकी गतिविधियों से क्षेत्र की लोक व्यवस्था प्रभावित होने पर जिला बदर की कार्रवाई की गई है पुलिस द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर जिले की सीमाओं से जाना होगा बाहर आदेश के अनुसार आरोपी को आदेश की तिथि से एक सप्ताह के भीतर जिला दुर्ग एवं सीमावर्ती जिले राजनंदगांव, रायपुर, धमतरी, बेमेतरा, बालोद तथा खैरागढ़- छुईखदान - गंडई की सीमाओं से बाहर जाना होगा 1 वर्ष की अवधि तक सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना होगा जिला दंडाधिकारी दुर्ग ने आदतन अपराधी सोमेश वैष्णव (37 साल ) निवासी ग्राम अंजोरा थाना पुलगांव के विरुद्ध जिलाबदर आदेश पारित किया है प्रतिवेदन के परीक्षण उपरांत यह पाया गया कि आरोपी की आपराधिक गतिविधियों के कारण क्षेत्र में भय एवं आतंक का वातावरण हो रहा है और लोक व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

# राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग एवं अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा देने पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 3 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग के तत्वावधान में नगर सेवाएँ विभाग द्वारा राजभाषा कार्यशाला के अंतर्गत मेरा विषय-मेरी समालोचना विषय पर हिंदी संगोष्ठी का आयोजन नगर सेवाएँ भवन के सभागार में किया गया। अध्यक्षता महाप्रबंधक सुश्री आर. रंजनी ने की। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक राजीव कुमार थे। विशिष्ट वक्ता के रूप में पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक एचएससीएल देवेन्द्र कुमार दुबे तथा उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी उपस्थित रहे। शुरुआत उप प्रबंधक एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी मुकुंद दास मानिकपुरी के स्वागत उद्बोधन से हुई। मुख्य अतिथि राजीव कुमार ने अपने संबोधन में संत कबीर के प्रसिद्ध दोहे निंदक नियरे राखिए का उल्लेख करते हुए कहा कि रचनात्मक समालोचना व्यक्ति और संगठन दोनों के निरंतर विकास का आधार होती है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक आलोचना आत्ममंथन का अवसर प्रदान करती है और कार्यशैली में सुधार का मार्ग प्रशस्त करती है। विशिष्ट वक्ता देवेन्द्र कुमार दुबे ने 21वीं शताब्दी की नई शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत जन-जागरण कार्यक्रम विषय पर अपने विचार रखते हुए ज्ञानवर्धक साहित्य, मानवीय मूल्यों, मानसिक विकास एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा कार्यक्रमों के उद्देश्यों, समालोचना की अवधारणा तथा उसकी उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी और प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की समीक्षात्मक टिप्पणियाँ भी प्रस्तुत कीं। प्रतिभागियों ने विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार रखे। आलोक ताम्रकार ने अचानक ठप हुए बड़े सिस्टम की दुरुस्ती की प्रक्रिया, डॉ. शीतल चंद्र शर्मा ने 90 के दशक का हिंदी सिनेमा समालोचना के दायरे में, वाई. उमाशंकर राव ने वर्तमान दौर में एआई, रमेश कुमार गुप्ता ने आईना तथा पी. एल. साहू ने मीडिया तंत्र विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

### जिले में विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन का शुभारंभ

**दुर्ग, 3 जुलाई ।** जिला पंचायत सभा कक्ष, दुर्ग में आज विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (जी-रामजी) के शुभारंभ के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिरुपति (आंध्र प्रदेश) से केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्चुअल माध्यम से किए गए राष्ट्रीय शुभारंभ के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री विजय बघेल तथा विधायक श्री ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे ने की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग श्री बजरंग कुमार दुबे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री पवन शर्मा, जनपद पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष श्रीमती कुलेश्वरी देवांगन, जिला पंचायत सदस्य सुश्री प्रिया साहू, श्रीमती श्रद्धा साहू, श्रीमती नीलम चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## निधन

### श्रीमती बिसरी देवी

**उतई।** ग्राम करगाडीह निवासी श्रीमती बिसरी देवी गजपाल उम्र-76 वर्ष का आज दिनांक-01/07/2026 बुधवार को आकस्मिक देहावसान हो गया । वे बिकल सिंह गजपाल गुरुजी के धर्मपत्नी व डॉक्टर ताराचंद और देवेंद्र तथा पूर्व सरपंच करगाडीह व अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ खोपली घनश्याम गजपाल व पुत्री प्रभासाहू व सुरेखा साहू के माता जी थे।अंतिम संस्कार ग्राम में ही किया गया.वें सार्वजनिक जीवन में मानसगान, जस गायन तथा पंच के रूप में अपनी सेवाएं समाज को दे चुकि है।



# सीएम हेल्पलाइन 1076 पर कॉल करने पर 15 दिन में दिव्यांग दुर्गेश को मिली बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,3 जुलाई।** सोशल मीडिया के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन 1076 की जानकारी मिलने के बाद बलौदाबाजार संजय कॉलोनी निवासी दिव्यांग दुर्गेश साहू ने नई ट्राई साइकिल प्रदान करने के लिए कॉल किया। इसके बाद 15 दिनों के भीतर उन्हें नई बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी गई। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने आज दुर्गेश साहू को नई बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने दुर्गेश से उनका हाल-चाल जाना और ट्राइसाइकिल का अनुभव भी पूछा। इस पर दुर्गेश साहू ने बताया कि ट्राइसाइकिल की गुणवत्ता काफी अच्छी है तथा इसकी ऊंचाई भी सुविधाजनक है, जिससे इसे चलाने में आसानी होगी।

कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरणों की मरम्मत के लिए बार-बार परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा शीघ्र ही रिपेयरिंग शॉप की स्थापना की जाएगी। इससे दिव्यांगजनों को अपने सहायक उपकरणों की मरम्मत की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010 में एक सड़क दुर्घटना के कारण दुर्गेश साहू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद उनके शरीर का कमर के नीचे का हिस्सा काम करना बंद कर गया, जिससे वे पूर्णतः दिव्यांग हो गए। लंबे समय तक उन्हें आने-जाने सहित दैनिक कार्यों के लिए अपने परिवार पर निर्भर रहना पड़ता था। दुर्गेश साहू को पूर्व में भी समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन समय के साथ उसके महत्वपूर्ण पार्ट्स खराब हो गए और उनकी मरम्मत संभव नहीं हो पा रही थी। इससे उनकी आवाजाही और आजीविका दोनों प्रभावित हो रही थीं। इसी दौरान उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन 1076 की जानकारी मिली। उन्होंने हेल्पलाइन पर अपनी समस्या दर्ज कराई, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 15 दिनों के भीतर समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें नई बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी गई।



नई बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल मिलने से अब दुर्गेश साहू को अपने दैनिक कार्यों के साथ-साथ अपनी छोटी सी किराना दुकान के संचालन में भी काफी सुविधा मिलेगी। इससे वे पहले की तुलना में अधिक आत्मनिर्भर होकर अपना जीवनयापन कर सकेंगे। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की उप संचालक सिनीवाली गोयल ने दुर्गेश साहू को दिव्यांग जनों के लिए संचालित ऋण योजनाओं मो जानकारी भी दी ताकि उनको अपने व्यवसाय में मदद मिल सके। दुर्गेश साहू के पुत्र रवि कुमार साहू ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि नई ट्राइसाइकिल मिलने से उनके पिता की कई समस्याएं दूर हो गई हैं। अब उन्हें आवागमन के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन 1076 वास्तव में आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने वाला प्रभावी मंच बन चुकी है। दुर्गेश की समस्या का यह त्वरित समाधान सुशासन और संवेदनशील प्रशासन का एक प्रेरक उदाहरण है।

## एक नजर

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने लॉन्च किया 10 साल का लाइफकवर

**रायपुर 3 जुलाई।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट स्मार्ट प्लस के तहत 10 वर्ष का नया लाइफकवर लॉन्च किया है। यह योजना होम लोन, बिजनेस लोन और बच्चों की शिक्षा जैसी निश्चित अवधि की वित्तीय जिम्मेदारियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। कंपनी के अनुसार, यह उत्पाद विशेष रूप से उन लोगों के लिए उपयोगी होगा जिनकी आय पर परिवार की वित्तीय जिम्मेदारियां निर्भर हैं और जो सीमित अवधि के लिए किफायती बीमा सुरक्षा चाहते हैं। कंपनी के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर विकास गुप्ता ने कहा कि घर खरीदना, कारोबार शुरू करना या बच्चों की शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण वित्तीय लक्ष्य तय समयसीमा से जुड़े होते हैं। ऐसे में यह 10 वर्षीय लाइफ कवर ग्राहकों को इन महत्वपूर्ण वर्षों के दौरान आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगा, जिससे किसी अप्रत्याशित स्थिति में परिवार की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। इस योजना की खासियत यह है कि 10 वर्ष की पूरी पॉलिसी अवधि के दौरान बीमा कवर की राशि समान रहेगी, जिससे परिवारों को पूर्ण वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। कंपनी का कहना है कि यह पेशकश ग्राहकों को किफायती सुरक्षा देने के साथ-साथ देश में बीमा की पहुंच बढ़ाने और '2047 तक सबके लिए बीमा' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में भी मदद करेगी।

### वार्ड नंबर-8 में आंगनबाड़ी भवन का शुभारंभ

**डोंगरगढ़ 3 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के वार्ड नंबर 8 में नवीन आंगनबाड़ी भवन का विधिवत शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ,भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जसमित सिंह बन्नोवाना ,महामंत्री विनय बंसल ,जिला भाजपा मंत्री श्रीमती अलका जयेश सहारे , पार्षद रेखा राघवते उपस्थित थे । ज्ञात हो कि वार्ड की तत्कालीन पार्षद श्रीमती अलका जयेश सहारे ने अपने कार्यकाल के दौरान अधोसंरचना मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति प्रदान कर नवीन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण वार्ड के 08 में वर्ष 2025 में पुर्ण किया था किन्तु निकाय के द्वारा नवनिर्मित भवन में किसी कारणवश शाला प्रारंभ नहीं किया गया । जिस वजह से विगत कई वर्षों से वार्ड कं. 08 में किराये के जर्जर भवन में आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा था । जिसमें कभी भी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती थी । पूर्व पार्षद श्रीमती अलका जयेश सहारे की मांग पर और बच्चो की समस्याओं को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्ड में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का रिबन काटकर शुभारंभ किया है । भवन के शुभारंभ होने से वार्ड के बच्चों को काफी हद तक शासन के योजनाओं का लाभ मिल रहा है ।

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 21, 22 एवं 23 अगस्त को

**रायपुर, 3 जुलाई।** उच्चतम न्यायालय द्वारा न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से घर-घर तक पहुँचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ किया जा रहा है। जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को शामिल किया जाएगा। विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका, उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण, समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जाएगा। पक्षकार इन सुलह-प्रयास हेतु बैंठकों, वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी (आनलाईन) रूप से शामिल हो सकते हैं। इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है। अधिवक्तागण, वादकारियों तथा अन्य सभी संबंधित पक्षों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया है। 21 अप्रैल को हुए समाधान समारोह में आपसी सहमति एवं वार्ता से समाधान तलाशने का प्रयास किया गया। इन सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका, उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण, समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया गया। जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, समिति पक्षकारों की मदद लिया गया। अपने मामले (जो सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है) को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) में कैसे शामिल करें। इसके लिए गूगल फॉर्म तैयार किया गया है। इस गूगल फॉर्म को भरना अत्यंत सरल है।

### कृषि मंत्री रामविचार नेताम के नेतृत्व में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा

**रायपुर, 3 जुलाई।** कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम के नेतृत्व में प्रदेश में कृषि को आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों के आय बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के तहत कृषि यांत्रिकीकरण योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को बीजापुर जिले के ग्राम मांझीगुड़ा में किसान श्री योगेश बांकड़े को उपलब्ध कराए गए आधुनिक कृषि यंत्रों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप, छत्तीसगढ़ जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री रूपसिंह मंडावी, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी सहित बस्तर संभाग के बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिलों के कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। योजना के अंतर्गत किसान श्री योगेश बांकड़े के लिए लगभग 35 लाख रूपए मूल्य के आधुनिक कृषि यंत्र स्वीकृत किए गए हैं, जिन पर 14 लाख रूपए की अनुदान राशि प्रदान की गई है। लाभार्थी को ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, कल्टीवेटर, सीड ड्रिल एवं स्प्रेयर जैसे आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

# मानवता, सेवा और संवेदना का जीवंत केंद्र है सोठी आश्रमः मुख्यमंत्री साय

**रायपुर 3 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज जांजगीर-चांपा जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान सोठी स्थित भारतीय कुष्ठ निवारक संघ आश्रम पहुँचे। आश्रम आगमन पर संस्था के पदाधिकारियों एवं आश्रमवासियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने आश्रम प्रमुख श्री सुधीर देव से संस्था की सेवा गतिविधियों, चिकित्सा सुविधाओं तथा पुनर्वास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा आश्रम द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारतीय कुष्ठ निवारक संघ आश्रम केवल एक सेवा संस्थान नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और समर्पण का जीवंत केंद्र है। यहाँ वर्षों से समाज के उपेक्षित और जरूरतमंद लोगों की गरिमा के साथ सेवा की जा रही है, जो भारतीय संस्कृति के श्नर सेवा ही नारायण सेवाश् के आदर्श को साकार करती है। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान समाज में संवेदनशीलता, सेवा और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने का प्रेरणादायी कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने संस्था के संस्थापक स्वर्गीय सदाशिव गोविंद कात्रे के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके सेवा भाव को नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आश्रम के लिए नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह एम्बुलेंस आश्रमवासियों एवं जरूरतमंद मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



मुख्यमंत्री श्री साय ने आश्रम परिसर का भ्रमण कर सेवा, स्वास्थ्य एवं पुनर्वास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने आश्रमवासियों से आत्मीय भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उन्हें उपहार भी भेंट किए। इस दौरान उन्होंने गौशाला में गौमाता की पूजा-अर्चना कर हरा चारा अर्पित किया और गौसेवा का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर स्थित संत गुरु घासीदास चिकित्सालय का निरीक्षण कर ओपीडी, पैथोलॉजी लैब, बिलिंग कक्ष, एक्स-रे कक्ष, आईसीयू तथा ऑपरेशन थियेटर सहित विभिन्न इकाइयों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सालय में उपचाररत मरीजों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने धनवंतरी जनकल्याण समिति सोसायटी, रायपुर द्वारा संचालित निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग इनिशिएटिव वाहन का भी अवलोकन किया। उन्होंने वाहन के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में पहुँचाई जा रही कैंसर जांच सेवाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि समय पर जांच और उपचार गंभीर बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा ऐसी पहल जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब,सांसद श्रीमती कमलेश देवी जांगड़े, विधायक जगदलपुर श्री किरण सिंह देव, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री सौरभ सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ के अध्यक्ष श्री भोजराज देवांगन, आश्रम के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## डायल-112 ने अनियंत्रित होकर मोड़ पर गिरे दो गंभीर घायलों को पहुँचाया तत्काल अस्पताल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार-भाटापारा 3 जुलाई।** पुलिस की आपातकालीन सेवा 'डायल 112' आम जनता के लिए निरंतर संकटमोचक साबित हो रही है। आज शाम थाना कसडोल क्षेत्र के अंतर्गत बरघाट असनींद मोड़ के पास हुए एक सड़क हादसे में डायल 112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए दो गंभीर रूप से घायल युवकों को तत्काल अस्पताल पहुँचाकर उनका प्राथमिक उपचार शुरू कराया। आज दिनांक 02/07/2026 को शाम करीब 05:15 बजे डायल 112 (थाना कसडोल बाज 01) को कॉलर के माध्यम से सूचना मिली कि बरघाट असनींद के पास एक गंभीर सड़क दुर्घटना हुई है। यहाँ एक मोटरसाइकिल मोड़ पर अनियंत्रित होकर गिर गई थी, जिससे वाहन सवार दोनों युवक सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े थे। तत्काल मौके पर पहुँची टीमः- सूचना मिलते ही कसडोल बाज 01 वाहन में तैनात आरक्षक क्रमांक 371 आशुतोष बंजारे और चालक नेतराम पटेल बिना कोई समय गंवाए तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुँचकर टीम ने देखा कि घायलों में से एक युवक पूरी तरह बेहोश था, जबकि दूसरा होश में था लेकिन गंभीर चोटों के कारण तड़प रहा था। सीएचसी कसडोल में कराया भतीः- स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस स्टाफ ने बिना वक्त जाया किए दोनों घायलों– सुरेंद्र तिवारी (पिता पिंकू तिवारी, निवासी कसडोल) और राकेश महंत (पिता देवदास महंत, निवासी भोपाल, मध्य प्रदेश) को अत्यंत सावधानीपूर्वक डायल 112 वाहन में बिठाया। टीम द्वारा दोनों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्टाष्ट) कसडोल लाया गया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका प्राथमिक उपचार तत्काल शुरू कर दिया गया है। सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों को समय पर अस्पताल पहुँचाना सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। आरक्षक आशुतोष बंजारे और चालक नेतराम पटेल ने मुस्तैदी दिखाते हुए घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई है, जो कि बेहद सराहनीय है।÷ बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस जिले के सभी वाहन चालकों से अपील करती है कि वे मोड़ों पर वाहन की गति धीमी रखें और सुरक्षित ड्राइविंग करें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल 112 को सूचित करें।

# वीबी जीरामजी योजना अंतर्गत ग्रामीणों को मिलेगा 125 दिनों का रोजगार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाज़ार, 3 जुलाई।** देश भर में 1 जुलाई से 'विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) ङ्क वीजी राम जी' योजना का शुभारंभ शुरू हो चुका है। योजना के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों को अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को अपने गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराना, ग्रामीण आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाना, जल सुरक्षा एवं आजीविका के अवसरों का विस्तार करना तथा विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में योगदान देना है। इस संबंध में गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि 'वीबी -जी राम जी' योजना वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से सभी ग्राम पंचायतों में बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य किए जाएंगे। इससे ग्रामीण आधारभूत संरचना मजबूत होगी, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि योजना के माध्यम से अब ग्रामीणों को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति अपने गांव में रहकर रोजगार करना चाहता है तो उसे स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। आंगनवाड़ी भवन, पंचायत भवन एवं अन्य आवश्यक सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जाएगा। इसके साथ ही जल सुरक्षा, जल संरक्षण तथा आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर कार्यों का चयन एवं स्वीकृति सुनिश्चित की जाए, ताकि इसका लाभ शीघ्रता से ग्रामीणों तक पहुंचे। कृषि कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए बुवाई एवं कटाई के मौसम में 60 दिनों का अंतराल रखने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर अधिकतम प्रत्यक्ष लाभ सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों की आय बढ़ेगी और गांवों का समग्र विकास होगा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने विस्तार से योजना की जानकारी दी।

### मार्कफेड मुख्यालय में 'सहकारी संगोष्ठी' का सफल आयोजन

**रायपुर, 3 जुलाई।** राज्य में मनाए जा रहे सहकारिता सप्ताह (29 जून से 06 जुलाई 2026) के गरिमामयी अनुक्रम में आज छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के नवा रायपुर स्थित मुख्य कार्यालय में एक दिवसीय 'सहकारी संगोष्ठी' का सफल आयोजन किया गया। इस उच्च स्तरीय संगोष्ठी में राज्य के कृषि, खाद्य और सहकारिता क्षेत्र के दिग्गज नेतृत्व और तकनीकी विशेषज्ञों ने शिरकत की। मार्कफेड के प्रबंध संचालक ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी माननीय मंत्रियों, विशिष्ट अतिथियों और सहकारी संघ के प्रतिनिधियों का पारंपरिक छत्तीसगढ़ी शगमछाश् पहनाकर और पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने राज्य के किसानों की सेवा में मार्कफेड की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया।

# प्रेस क्लब ने सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कसडोल प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच और पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 3 जुलाई।** कसडोल थाना क्षेत्र के बहुचर्चित प्रकरण को लेकर बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, पुलिस महानिदेशक, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सहित विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है।

प्रेस क्लब ने ज्ञापन में कहा है कि कसडोल थाना क्षेत्र में सामने आए प्रकरण में एक ओर स्वयं को अनुसूचित जाति वर्ग की बताने वाली युवती द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए हैं, वहीं दूसरी ओर थाना कसडोल पुलिस ने 28 जून 2026 को अपराध क्रमांक 260/2026 में धारा 308(2), 308(6), 217, 248(ख), 61(2)(क) एवं 45 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज कर इसे कथित ब्लैकमेलिंग एवं उगाही का प्रकरण बताया है। दोनों पक्षों के दावे एक-दूसरे से भिन्न होने के कारण सत्य का पता लगाने के लिए स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है।



ज्ञापन में मांग की गई है कि मामले की जांच स्थानीय स्तर से हटाकर किसी स्वतंत्र एजेंसी अथवा वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में कराई जाए, ताकि निष्पक्ष रूप से वास्तविक तथ्य सामने आ सकें। प्रेस क्लब ने यह भी मांग की है कि प्रकरण से जुड़े महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए। इसके तहत थाना कसडोल एवं एसडीओपी कार्यालय कसडोल के 24 जून से 28 जून 2026 तक तथा कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं सखी सेंटर, बलौदाबाजार के 26 जून से 28 जून 2026 तक के सीसीटीवी फुटेज संरक्षित कर जांच का हिस्सा बनाया जाए।

ज्ञापन में बलौदाबाजार निवासी पत्रकार विजय शंकर तिवारी को उक्त प्रकरण में आरोपी बनाए जाने पर भी चिंता व्यक्त की गई है। प्रेस क्लब ने मांग की है कि उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष समीक्षा की जाए। साथ ही पत्रकार के साथ थाना कसडोल में कथित मारपीट के आरोपों की स्वतंत्र जांच कर दोषी पाए जाने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।प्रेस क्लब ने कहा कि लोकतंत्र में स्वतंत्र एवं निर्भीक पत्रकारिता की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। इसलिए छत्तीसगढ़ में लंबे समय से लंबित पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू किया जाए तथा पत्रकारों को उनके वैधानिक दायित्वों के निर्वहन के दौरान प्रभावी विधिक संरक्षण प्रदान किया जाए। मुख्यमंत्री के नाम यह ज्ञापन जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा को सौंपा गया। इस दौरान बलौदाबाजार प्रेस क्लब के अध्यक्ष नरेश गनशानी के नेतृत्व में सचिव दलजीत सिंह चावला, कोषाध्यक्ष राजेश्वर सिंह गिरी, राघवेंद्र सिंह, गोविंद रात्रे, श्रवण ध्रुव, लोकेश्वर बघेल, गणेश साहू सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

## शहर के प्रमुख चौकों पर दिया जाएगा ट्रैफिक,साइबर जागरूकता का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार-भाटापारा 3 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और आम नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के लिए एक आधुनिक एवं अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। ?दिनांक 01.07.2026 से बलौदाबाजार नगर के दो प्रमुख और व्यस्ततम स्थलों–गार्डन चौक एवं अंबेडकर चौक–पर अत्याधुनिक क्क (पब्लिक एड्रेस) सिस्टम स्पीकर स्थापित किए गए हैं। नागरिकों को जागरूक करने के लिए इन स्पीकर्स के माध्यम से ट्रैफिक्क अवेयरनेस (यातायात जागरूकता) और साइबर अवेयरनेस (साइबर ठगी से बचाव) से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को ऑटोमैटिकली रीप्ले होने के लिए शेड्यूल किया गया है। यह व्यवस्था प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से शुरू होकर रात 9:00 बजे तक रहेगी, जिसके तहत हर घंटे शहरवासियों को सुरक्षा संबंधी संदेश सुनाई देंगे।

इस तकनीक को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अगले हफ्ते एक और बड़ा कदम उठाया जा रहा है। पुलिस कंट्रोल रूम, बलौदाबाजार में एक विशेष माइक्रोफोन लगाया जाएगा। इसके माध्यम से कंट्रोल रूम में बैठे पुलिस अधिकारी सीधे गार्डन चौक और अंबेडकर चौक पर मौजूद आम जनता को लाइव पब्लिक अनाउंसमेंट (सीधा प्रसारण) कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे सकेंगे। आपातकालीन स्थिति या वीआईपी मूवमेंट के दौरान यह व्यवस्था बेहद कारगर साबित होगी। बदलते दौर में तकनीक का सही उपयोग कर हम जनता तक तेजी से पहुँच सकते हैं। इस क्क सिस्टम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति सचेत करना और उन्हें साइबर ठगों के चंगुल में फंसने से बचाना है। हम लगातार बलौदाबाजार पुलिस को और अधिक हाईटेक और जनता के करीब लाने का प्रयास कर रहे हैं। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि इन चौकों पर प्रसारित होने वाले संदेशों को ध्यान से सुनें, यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी अज्ञात फोन कॉल या लिंक पर अपनी गोपनीय जानकारी साझा न कर सतर्क रहें।

## धीरेन्द्र साहू का तीखा हमला नक्सल पीड़ितों के साथ राजनांदगांव प्रशासन का दोहरा और क्रूर व्यवहार

**डोंगरगढ़ /राजनांदगांव 3 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नक्सल हिंसा में अपना सब कुछ गंवा चुके पीड़ित परिवारों को अब प्रशासन भी रौंदने पर उतर आया है। पीड़ित धीरेन्द्र साहू ने राजनांदगांव जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पीड़ितों के पुनर्वास की नीति को यहां जानबूझकर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। साहू ने खुलासा किया कि पुलिस महानिरीक्षक के स्पष्ट निर्देश के बावजूद मानपुर जिले में प्रशासन ने दो बैठकें कर पीड़ित परिवारों के हित में त्वरित निर्णय लिए और संवेदनशीलता दिखाई। लेकिन राजनांदगांव में वही फाइलें सालों से दबाई जा रही हैं। एक ही शासन, एक ही नीति, एक ही पत्र फिर भी दो जिलों में स्वर्ग और नर्क जैसा फर्क! यह दोहरा व्यवहार पीड़ितों के साथ खुला मजाक है। जिन लोगों ने नक्सलियों की गोली खाई, घर जलाए गए, परिवार बर्बाद हुए, वे आज भी न्याय के लिए प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। राजनांदगांव प्रशासन फाइलों का कबाड़ बनकर रह गया है, धीरेन्द्र साहू ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा। साहू ने आगे चेतावनी दी मानपुर में रास्ता निकल सकता है तो राजनांदगांव में क्यों नहीं? क्या राजनांदगांव के नक्सल पीड़ित दूसरे दर्जे के नागरिक हैं? प्रशासन की यह लापरवाही और संवेदनहीनता अब बर्दाश्त की सीमा पार कर चुकी है। पीड़ित परिवारों का कहना है कि घोषणाएं बहुत हो चुकीं। अब धरातल पर राहत चाहिए।

## विपक्ष बताना चाहता है कि हम एकजुट हैं

देश में तमिलनाडु चुनाव,पं.बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद विपक्ष बिखरा बिखरा सा है। विपक्ष बिखरा रहे तो जनता के बीच उसकी साख नहीं रहती है, जनता उस पर भरोसा नहीं करती है कि यह स्थायी सरकार बना सकता है। इसका असर राज्य से लेकर केंद्र की राजनीति पर पड़ता है। यही वजह है कि विपक्ष को मौके मौके पर यह दिखाना पड़ता है कि हम कई मुद्दों पर एकजुट हैं और एक राय हैं।एक मुद्दा तो एसआईआर का है और अन्य मुद्दे चुनाव संबंधी है।विपक्षी दलों की गत महीने 8 जून को हुई बैठक हुई थी, उसकी जानकारी कांग्रेस ने सोशल मीडिया में एक पत्र जारी कर दी है। कांग्रेस के मुताबिक इस पत्र के जरिए विपक्ष के 23 दलों व निर्दलीय सांसद ने एसआईआर के पालन के मामले में न्यायपालिका से हस्तक्षेप की मांग की है। साथ ही विपक्षी गठबंधन ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल भी उठाए हैं और आरोप लगाया है कि चुनाव नतीजों को प्रभावित किया जा रहा है। आप और द्रमुक बैठक में नहीं आए लेकिन पत्र में उन्होंने भी हस्ताक्षर किए हैं। जहां तक एसआईआर के मुद्दे का सवाल है तो विपक्ष राज्य के दलों के साथ राज्यो में जैसे बिहार में व बंगाल में एसआईआर का विरोध कर चुका है तथा यह जताने,बताने का प्रयास कर चुका है कि एसआईआर के जरिए विपक्ष के वोट देने वालों के नाम काटे जा रहे हैं। यानी एसआईआर के जरिए चुनाव आयोग भाजपा के जिताने का प्रयास कर रहा है। कई तरह के आरोप बिहार में एसआईआर के दौरान लगाए गए और पूरी कोशिश की चुनाव के पहले एसआईआर की प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट रोक लगा दे। यानी चुनाव आयोग चुनाव के पहले जो मतदाता शुध्दिकरण करना चाहता है वह न कर सके। मतदाता सूची शुध्द न की जा सके। विपक्ष राज्यों में चुनाव में जो धांधली करके चुनाव जीतता आ रहा है वह धांधली होती रही। मरे हुए लोगों के नाम न कटे, विदेशी नागरिकों के नाम न कटे और वोट के दौरान उनके नाम पर बरसों से हो रही धांधली होती रहे। विपक्ष मामला सुप्रीम कोर्ट तक ले गया कि एसआईआर असंवैधानिक है, इस पर रोक लगा दी जाए लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में रोक लगाई न ही पं.बंगाल में रोक लगाई। दोनों जगह विपक्ष चुनाव हारा है। चुनाव हारने के बाद दोनों जगह यही कहा कि चुनाव धांधली कर जीता गया है। वोट चोरी की गई है, चुनाव आयोग ने चुनाव नतीजों को प्रभावित किया है लेकिन विपक्ष दोनों राज्यों में एक सबूत पेश नहीं कर सका है और कोर्ट भी नहीं गया है। इससे साफ है कि एसआईआर व चुनाव में धांधली के आरोप महज राजनीति करने के लिए, विपक्ष के पास कई चुनाव होने के बाद भी चुनाव में धांधली का कोई सबूत नहीं है। यही नहीं वह एसआईआर व चुनावी हार के मामले में सलेक्टिव भी है विपक्षी दल जिस राज्य में चुनाव जीत जाता है, वहां चुनाव आयोग अच्छा काम करता है जहां चुनाव हार जाता है,वहां चुनाव आयोग उनको हरा देता है। चुनाव आयोग या तो सभी जगह अच्छा चुनाव कराता है या सभी जगह चुनाव ठीक से नहीं कराता है। विपक्ष को एक बात कहना चाहिए। विपक्ष दो तरह की बातें करता है इसलिए वह भरोसे का नहीं लगता है। चुनाव आयोग कई राज्यों में चुनाव होने है, इसलिए वह मतदाता सूची के लिए एसआईआर करा रहा है ताकि चुनाव में वही लोग वोट डाल सकें जो मतदाता है और जो लोग मतदाता नहीं है, वह वोट न दे सकें। विपक्षी दलों को तो इसका स्वागत करना चाहिए। लेकिन विपक्ष विरोध करता आ रहा है तो उसका एक मकसद यह होगा कि वह खुद को सही और बाकी संस्थाओं को गलत मानता है या देश की जनता को बताना चाहता है कि हम सही हैं और बाकी लोग गलत हैं। एक बार तो वह बिहार व पं. बंगाल में इस मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट ले जा चुका है, सुप्रीम कोर्ट से जितना हो सकता है उसने किया। विपक्ष के हर संदेह को दूर करने का प्रयास किया.जनता ने चुनाव में एसआईआर के पक्ष में विपक्ष को बता दिया है कि वह उसके एसआईआर व चुनाव आयोग पर लगाए आरोपों को गंभीरता से नहीं लेता है।ऐसे में न्यायाधीश को पत्र लिखने का कोई मतलब नहीं रह जाता है और जनता के बीच मुद्दे को ले जाने का भी कोई मतलब नहीं है, इसका एक ही मकसद होता है कि विपक्ष इस मुद्दे पर एकजुट है और वह इस मुद्दे को बीच बीच में उठाता रहेगा और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवालिया निशान लगाता रहेगा ताकि वह चुनाव हारने का कारण बता सके।

**विश्लेषण**

# सभ्यता के अंत की शुरुआत, लालच से भरे युद्ध

**संजीव ठाकुर**



मानव सभ्यता ने हजारों वर्षों की यात्रा में ज्ञान, विज्ञान, संस्कृति और लोकतंत्र के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष विज्ञान, चिकित्सा और संचार के क्षेत्र में मानव ने ऐसी उपलब्धियाँ अर्जित की हैं जिनकी कल्पना भी कभी असंभव मानी जाती थी। किंतु विडंबना यह है कि जितनी तेजी से विज्ञान आगे बढ़ा है, उतनी ही तीव्रता से सत्ता, वर्चस्व और स्वार्थ की राजनीति भी विकसित हुई है। आज विश्व के अनेक क्षेत्रों में युद्ध की विभीषिका यह संकेत दे रही है कि मनुष्य ने तकनीक तो आधुनिक बना ली, परंतु अपनी चेतना को अभी भी संकीर्ण स्वार्थों से मुक्त नहीं कर पाया। आज अमेरिका, रूस, चीन, इज़राइल, ईरान, उत्तर कोरिया तथा अनेक क्षेत्रीय शक्तियाँ प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से शक्ति-प्रदर्शन की प्रतिस्पर्धा में लगी हुई हैं। कहीं आर्थिक प्रतिबंध हथियार बन रहे हैं, कहीं व्यापारिक युद्ध, कहीं साइबर आक्रमण, तो कहीं मिसाइलों और ड्रोन की वर्षा। ऐसा प्रतीत होता है कि वैश्विक राजनीति का मूल उद्देश्य मानव कल्याण नहीं, बल्कि प्रभुत्व स्थापित करना बन गया है। रूस–यूक्रेन युद्ध ने पूरी दुनिया को यह दिखा दिया कि किसी क्षेत्रीय संघर्ष का प्रभाव सीमित नहीं रहता। लाखों लोग विस्थापित हुए, हजारों सैनिक और नागरिक मारे गए, खाद्यान्न संकट उत्पन्न हुआ, ऊर्जा की कीमतें बढ़ीं और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ा। इसी प्रकार मध्य-पूर्व में इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का विवाद नहीं, बल्कि पूरे विश्व की सामरिक स्थिरता को प्रभावित करने वाला प्रश्न बन चुका है। विश्व की महाशक्तियाँ अपने-अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि "रूस अपनी सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों से कभी समझौता नहीं करेगा।" यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की बार-बार कहते रहे हैं कि स्वतंत्रता किसी भी राष्ट्र का सबसे बड़ा अधिकार है और उसकी रक्षा हर कीमत पर की जाएगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में युद्ध समाप्त करने की इच्छा व्यक्त की है, किंतु साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि अमेरिका अपने राष्ट्रीय हितों और सहयोगियों की सुरक्षा से पीछे नहीं हटेगा। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि इज़राइल अपने अस्तित्व और सुरक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगा। वहीं ईरान के सर्वोच्च नेता अली ख़ामेनेई का स्पष्ट संदेश रहा है कि ईरान किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। हर राष्ट्र स्वयं को सही मानता है और अपने हितों की रक्षा को सर्वोपरि रखता है। किंतु जब संवाद की जगह शक्ति और प्रतिशोध ले लेते हैं, तब विश्व शांति सबसे बड़ी कीमत चुकाती है।

आज युद्ध का स्वरूप भी बदल चुका है। पहले युद्ध सीमाओं पर सैनिक लड़ते थे, अब अर्थव्यवस्थाएँ, तकनीक, साइबर नेटवर्क, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उपग्रह और सूचना तंत्र भी युद्ध के हथियार बन चुके हैं। व्यापारिक प्रतिबंध, सेमीकंडक्टर तकनीक पर नियंत्रण, दुर्लभ खनिजों की प्रतिस्पर्धा और ऊर्जा संसाधनों पर कब्ज़े की होड़ इस बात का प्रमाण हैं कि आधुनिक युद्ध केवल बंदूकों से नहीं लड़े जाते।

परमाणु हथियारों की बढ़ती संख्या विश्व के लिए सबसे बड़ा संकट है। आज विश्व में हजारों परमाणु हथियार मौजूद हैं। यदि किसी भी कारण से परमाणु संघर्ष प्रारंभ हुआ, तो उसका प्रभाव केवल युद्धरत देशों तक सीमित नहीं रहेगा। जलवायु परिवर्तन, परमाणु विकिरण, खाद्य संकट और वैश्विक आर्थिक पतन पूरी मानवता को प्रभावित करेंगे। महात्मा मोहनदास करमचंद गांधी ने कहा था, आँख के बदले आँख पूरी दुनिया को अंधा बना देगी। प्रतिशोध कभी स्थायी शांति नहीं ला सकता।

महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने चेतावनी दी थी मुझे नहीं पता तीसरा विश्वयुद्ध किन हथियारों से लड़ा जाएगा, लेकिन चौथा विश्वयुद्ध पत्थरों और लाठियों से लड़ा जाएगा। यह कथन केवल कल्पना नहीं, बल्कि परमाणु युद्ध के संभावित परिणामों का वैज्ञानिक आकलन है।पूर्व संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की-मून ने कहा था, शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि न्याय, समानता और सहयोग की उपस्थिति है। यह विचार आज पहले से अधिक प्रासंगिक है।भारतीय चिंतन सदैव "वसुधैव कुटुम्बकम्" की भावना का समर्थक रहा है। भारत ने न तो विस्तारवादी नीति अपनाई और न ही किसी दूसरे देश की भूमि पर अधिकार करने की नीति को स्वीकार किया। भारत की विदेश नीति संवाद, संतुलन, बहुपक्षवाद और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पर आधारित रही है। यही कारण है कि आज विश्व भारत को एक विश्वसनीय और संतुलित शक्ति के रूप में देखता है।

युद्ध का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव आम नागरिकों पर पड़ता है। युद्ध किसी सैनिक की विजय का नहीं, बल्कि एक माँ के बेटे की मृत्यु का नाम है। यह किसी बच्चे से उसका बचपन छीन लेता है, किसी स्त्री से उसका परिवार, किसी किसान से उसकी जमीन और किसी विद्यार्थी से उसका भविष्य। युद्ध में विजेता भी अंततः बहुत कुछ हार जाता है।

आज जरूरत इस बात की है कि विश्व के राष्ट्राध्यक्ष अपने राजनीतिक मतभेदों को संवाद की मेज पर सुलझाएँ। संयुक्त राष्ट्र को अधिक प्रभावी बनाया जाए, हथियारों की अंधाधुंध होड़ पर नियंत्रण लगाया जाए और वैश्विक संसाधनों को युद्ध की तैयारी के बजाय शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा गरीबी उन्मूलन पर व्यय किया जाए।

स्वार्थ और लालच का यह महायुद्ध वस्तुतः मनुष्य के भीतर चल रहे अहंकार का युद्ध है। जब तक सत्ता का उद्देश्य मानव सेवा के बजाय प्रभुत्व रहेगा, तब तक विश्व शांति केवल एक आदर्श बनकर रह जाएगी। वास्तविक विजय किसी राष्ट्र की दूसरे राष्ट्र पर नहीं, बल्कि मनुष्य की अपने अहंकार पर होनी चाहिए।विश्व को यह समझना होगा कि युद्ध किसी समस्या का अंतिम समाधान नहीं, बल्कि अनेक नई समस्याओं की शुरुआत है। यदि आज भी मानवता ने इतिहास से सीख नहीं ली, तो भविष्य की पीढ़ियाँ हमें विकास का नहीं, विनाश का युग कहकर याद करेंगी। इसलिए समय की पुकार है कि हथियारों की नहीं, विचारों की प्रतिस्पर्धा हो, युद्ध की नहीं, संवाद की संस्कृति विकसित हो और सत्ता की नहीं, मानवता की विजय हो।

## सू- दोकू क्र.088

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.087 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -088

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 087 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# खामेनेई का अंतिम संस्कार: शोक आमंत्रण में छिपा है बड़ा सियासी संदेश

**संजय सक्सेना,लखनऊ**



ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के निधन के बाद चार जुलाई 2026 को उनके अंतिम संस्कार को लेकर उपजे कूटनीतिक घटनाक्रम ने भारतीय राजनीति और विदेश नीति के गलियारों में एक नई चर्चा को जन्म दे दिया है। ईरान सरकार द्वारा भारत की कई प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों को इस शोक सभा में आमंत्रित करना न केवल दोनों देशों के बीच गहरे होते संबंधों का संकेत है, बल्कि यह पश्चिम एशिया की बदलती भू-राजनीति में भारत की बढ़ती अहमियत को भी रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिला निमंत्रण इस बात का प्रमाण है कि ईरान भारत को अपने रणनीतिक भागीदारों की सूची में शीर्ष पर रखता है, लेकिन प्रधानमंत्री के स्थान पर बिहार के राज्यपाल को भारत के प्रतिनिधि के तौर पर भेजना यह दर्शाता है कि भारत कूटनीतिक शिष्टाचार और आंतरिक व्यस्तताओं के बीच एक संतुलित रुख अपना रहा है। यह आमंत्रण भारत के लिए एक जटिल स्थिति भी पैदा करता है। कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं को बुलावा जाना यह स्पष्ट करता है कि ईरान भारत के किसी एक धड़े या सरकार से नहीं, बल्कि पूरे भारतीय तंत्र से संवाद बनाए रखने का इच्छुक है। भारत के भीतर अयातुल्ला अली खामेनेई और ईरानी नेतृत्व के प्रति एक बड़े वर्ग की आस्था किसी से छिपी नहीं है। हाल ही में मोहर्रम के दौरान लखनऊ और देश के अन्य हिस्सों में खामेनेई के पोस्टर और उनकी विचारधारा के समर्थन में दिखने वाली सक्रियता इस बात का प्रमाण है कि भारत में ईरान के वैचारिक और धार्मिक अनुयायियों का एक मजबूत आधार मौजूद है। ऐसे में ईरान के शोक में शामिल होने का सरकार का यह निर्णय इस विशाल आबादी के प्रति एक संवेदनशील संदेश भी है।

भारतीय राजनीति के दृष्टिकोण से देखें तो यह घटनाक्रम देश के भीतर सॉफ्ट पावर और सांस्कृतिक कूटनीति की जटिलताओं को उजागर करता है। जब भारत सरकार के प्रतिनिधि आधिकारिक तौर पर ईरान के इस शोक आयोजन में शामिल होते हैं, तो वे अनजाने में ही घरेलू राजनीति में मौजूद उन समर्थकों को एक सकारात्मक संदेश देते हैं, जो ईरान के शीर्ष नेतृत्व के प्रति गहरी श्रद्धा रखते हैं। यह कदम भारत की उस स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी (रणनीतिक स्वायत्तता) को भी पुष्ट करता है, जहां भारत अमेरिका और इज़रायल जैसे अपने अन्य रणनीतिक सहयोगियों के साथ संबंधों को प्रभावित किए बिना ईरान के साथ अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जुड़ाव को प्राथमिकता देता है। कहा जा रहा है कि इस यात्रा का व्यापक प्रभाव यह होगा कि यह भारत को वैश्विक स्तर पर एक ऐसे तटस्थ और संतुलित शक्ति के रूप में स्थापित करेगा, जिसकी पहुंच और प्रभावशीलता ईरान जैसे देशों के बीच भी बनी हुई है। हालांकि, देश की आंतरिक राजनीति में यह कदम विपक्षी दलों के लिए एक अवसर भी हो सकता है कि वे भारत की विदेश नीति में ईरान के महत्व को रेखांकित करें और सरकार पर यह दबाव बनाएं कि वह इस संबंध को आगे बढ़ाते हुए अपनी अल्पसंख्यक आबादी की आकांक्षाओं और हितों का भी ध्यान रखे।



बहरहाल, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन के बाद उनके अंतिम संस्कार और दफन समारोह के लिए ईरान द्वारा भारत को भेजा गया औपचारिक आमंत्रण एक अत्यंत महत्वपूर्ण राजनयिक घटना है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया था, जो दोनों देशों के बीच गहरे रणनीतिक और ऐतिहासिक संबंधों का संकेत है। हालांकि, प्रधानमंत्री के पास पहले से निर्धारित अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के चलते भारत सरकार ने एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय लिया है, जिसमें बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा शामिल हैं। इस आमंत्रण की सबसे दिलचस्प कड़ी वह सूची है, जिसमें मुख्यधारा के कई राजनीतिक दलों के नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और पार्टी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा को निमंत्रण मिला है। इसके अतिरिक्त, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती तथा जम्मू-कश्मीर के पाँच शिया धर्मगुरुओं को भी आमंत्रित किए जाने की खबरें हैं।

ईरान की इस रणनीति के पीछे कई गहरे भू-राजनीतिक निहितार्थ छिपे हैं। सबसे स्पष्ट संदेश यह है कि ईरान भारत के साथ केवल सत्ताधारी दल के साथ ही नहीं, बल्कि भारत की पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था और विविध राजनीतिक स्पेक्ट्रम के साथ अपना जुड़ाव बनाए रखना चाहता है। विपक्षी नेताओं और क्षेत्रीय दिग्गजों को बुलाकर ईरान यह जताना चाहता है कि उसका भारत से संबंध किसी एक सरकार या कार्यकाल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक "राष्ट्र-से-राष्ट्र" का रिश्ता है जो दशकों पुराना है।उधर, कई बड़े राजनीतिक चेहरों और रसूखदार नेताओं को आमंत्रण न मिलना ईरान की एक सधी हुई कूटनीति का हिस्सा माना जा रहा है। ईरान नहीं चाहता कि इस गंभीर शोक आयोजन को किसी प्रकार की घरेलू राजनीतिक खींचतान या अंतरराष्ट्रीय विवादों में घसीटा जाए। निमंत्रण सूची को बेहद चुनिंदा रखना यह भी बताता है कि तेहरान भारत के साथ कूटनीतिक संतुलन बनाने में बहुत सतर्क है। खैर, ऐसा लगता है कि यह पूरा घटनाक्रम भारत की उस स्थिति को और अधिक जटिल बनाता है, जहां उसे अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के साथ आगे बढ़ना होता है। एक तरफ चाबहार बंदरगाह जैसी परियोजनाओं के जरिए भारत ईरान के साथ अपने आर्थिक हित सुरक्षित करना चाहता है, तो दूसरी तरफ उसे अमेरिका और इज़रायल के साथ अपने संबंधों का भी संतुलन बनाए रखना है। ईरान का यह आमंत्रण भारत की मल्टी-अलाइनमेंट नीति की एक बड़ी परीक्षा है।कुल मिलाकर, यह कूटनीतिक प्रतिनिधित्व सिर्फ एक अंतिम संस्कार में शामिल होना नहीं है, बल्कि यह बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की उस बैलेंसिंग एक्ट की एक कड़ी है, जो उसे एक साथ कई ध्रुवों के साथ संबंध बनाए रखने की अनुमति देती है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह यात्रा ईरान के साथ भारत के द्विपक्षीय व्यापारिक और ऊर्जा सुरक्षा समझौतों को किस तरह नई गति देती है और क्या इसका असर भारत के भीतर रहने वाले ईरान समर्थक समुदाय की राजनीतिक सक्रियता पर कोई बड़ा प्रभाव डालेगा।

**व्यंग्य**

# सिस्टम को चट कर रहीं दीमक !

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**



तड़क - भड़क और एशो आराम से भरी चमचमाती दुनिया में हर इंसान को प्यारी है कुर्सी । यह एक ऐसी आरामदायक चीज है जिस पर बैठने वाला जरूरी नित्यकर्म के लिए ही उससे उतना चाहता है ! यदि मै यह कहूं कि कुर्सी नामक यह चीज अन्य चीजों से भव्य आवरण रखती है तो गलत नहीं होगा । राज सिंहासन से लेकर सरकारी दफ्तरों की वह कुर्सी जो व्हील चेयर कहलाती है , उसमें विराजमान व्यक्ति के प्रभुत्व का प्रदर्शन कर रही होती हैं । इन कुर्सियों की ताकत का अनुभव कर अच्छे - अच्छों के पैर डगमगा जाते हैं ! देखा जाए तो इन कुर्सियों का निर्माण लकड़ी से ही किया जाता है , किंतु कहीं - कहीं लोहे की कुर्सी भी बना दी जाती है । इन कुर्सियों को एक विशेष प्रकार का अदना सा जीव ऐसे चट कर जाता है , जैसे उसका निर्माण उसी के लिए किया गया हो ! उस छोटे से अदने को हम " दीमक " के नाम से पहचानते हैं । सामान्य सा दिखने वाला सफेद जीव ( दीमक ) लकड़ी को खा जाता है , किंतु कुर्सी का दीमक बड़ा ही ताकतवर , अलग - अलग कद - काठी का और वी आई पी श्रेणी का होता है । कुर्सी का दीमक पद , अहंकार और भ्रष्टाचार के लिबास के साथ जैसे ही कुर्सी पर विराजमान होता है , समाज को धीरे - धीरे खोखला करने लगता है ! प्रकृति में पैदा होने वाले कीट , दीमक की तरह कुर्सी का दीमक बाहर से नहीं आता । यह कुर्सी में ही पलता है । फाइलों में पनपता है । योजनाओं को खाता है और चाटुकारों को पालता है !

कुर्सी और दीमक का रिश्ता बहुत पुराना और प्रगाढ़ है । कुर्सी में बैठने से पहले वह आम आदमी बड़ा ही सरल और ईमानदारी के मामले में राजा हरिश्चंद्र का वंशज लगता है । जैसे ही उसे कुर्सी मिलती है , अचानक उसकी रीढ़ की हड्डी सीधी हो जाती है ! वह झुकता तो है , किंतु अपने स्वार्थ के लिए । वह चापलूसी में बड़ा माहिर होता है ! यहीं से शुरू होती है कुर्सी के दीमक की 56 भोग वाली दावती यात्रा ! कुर्सी रूपी दीमक धीरे - धीरे उस पर बैठे व्यक्ति के फैसलों , उसकी नैतिकता और उसकी इंसानियत को चट करना शुरू कर देती है ! कुर्सी की मदहोशी में डूबा वह ताकतवर अधिकारी यह गलत फहमी पाल बैठता है कि वह बहुत मजबूत स्थिति में है । इस बात को दीमक भी जानता है कि यदि उसने कुर्सी को पूरी तरह से खोखला कर दिया तो उसका अपना अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा । इसलिए वह कुर्सी के बाहरी आवरण को चमचमा ही रहने देता है ! जो अधिकारी कुर्सी की इस दीमक को पहचान लेता है वह समय रहते इसका इलाज भी ढूंढ लेता है और वही बड़ा बाजीगर कहलाता है । दूसरी ओर इस पर विराजमान व्यक्ति ने यदि इन्हें नहीं पहचाना तो इतिहास गवाह है कि आलीशान कुर्सियां दीमकों द्वारा ताश के पत्तों की तरह ढहा दी जाती हैं ! ऐसी कुर्सी की माया ही निराली है । लकड़ी का दीमक तो सिर्फ फर्नीचर को बर्बाद करता है , किंतु कुर्सी का दीमक देश के सिस्टम को ही चट कर जाता है ! भारतवर्ष की राजनीति में विचारधाराओं की स्पष्ट लड़ाई नजर आ रही है । एक तरफ उन लोगों का झुंड है जिन्होंने दशकों तक सत्ता का सुख भोगा , किंतु देश की जड़ों को भ्रष्टाचार , तुष्टिकरण और परिवारवाद रूपी दीमक के सहारे खोखला करने में कोई कसर नहीं छोड़ी ! दूसरी तरफ ऐसे लोगों का संगठन दीमकों को खत्म करने की दवाई के रूप में काम कर रहा है , जिससे इन दीमकों को लोकतंत्र के भवन में सेंध लगाने का अवसर ही न मिल पाए । राजनीति के मैदान में हम इसे सत्ता की लड़ाई नहीं मानते बल्कि स्वर्णिम भारत के निर्माण में दशकों से लगे दीमकों को खत्म करने की बड़ी चुनौती के रूप में देखते हैं । एक ओर विनाशकारी " दीमक " वाली राजनीति पुनः सत्ता के गलियारे से लोकतंत्र के मंदिर में घुसना चाहती है , तो दूसरी ओर देश को विकासशील से विकसित देशों की श्रेणी में स्थान दिलाने वाली " इलाज " रूपी राजनीति इन्हें लोकतंत्र के मंदिर को चट करने से रोकने प्रतिबद्ध है । हम सब यह जानते हैं कि दीमक कभी भी सामने आकर वार नहीं करती ! वह भीतर ही भीतर दीवार अथवा फर्नीचर को खाती रहती है ! हमारे देश की राजनीति भी कुछ ऐसी ही है । कुछ लोग सीधे तौर पर विकास का मार्ग नहीं रोकते । धीरे - धीरे योजनाओं और सिस्टम की नींव को खोखला करते रहते हैं ! जब हमें इनकी करतूत का आभास होता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है ! बाहर से मजबूत दिखने वाली इमारत अंदर से खोखली हो चुकी होती है ! दीमक हमेशा अंधेरे और नमीं वाली जगहों पर अपना आशियाना बनाती है । राजनीति में दीमक रूपी भ्रष्टाचार हमेशा फाइलों के भीतर , फाइलों की लालफीताशाही और गुप्त सौदों की नमीं में ही तेजी के साथ फलती - फूलती है ! सत्ता का सुख भोगने के बाद उसके रस में डूबे नेता दीमक की तरह कुर्सी से ऐसे चिपक जाते हैं , कि उन्हें वहां से निकालना लगभग असंभव हो जाता है ! कुर्सी चाहे कितनी भी पुरानी हो या जर्जर ही क्यों न हो , वे उसे छोड़ने के बजाए उसीको अपना घर बना लेते हैं ! लकड़ी का रंग कुछ भी हो । दीमक का रंग एक ही होता है । राजनीतिक दीमक का कोई रंग - रूप , जाति या धर्म नहीं होता ! वे जब तक विपक्ष में होते हैं , अलग तरह की बात करते हैं लेकिन सत्ता में आते ही उनकी कार्यप्रणाली पूरी तरह उसी दीमक के समान हो जाती है , जिससे हम और आप अपने घरों के फर्नीचर को बचाने का प्रयत्न करते रहते हैं ! आज भारतवर्ष का लोकतंत्र ठीक इसी खतरे के सामने खड़ा है । लोकतंत्र की जड़ों को खोखला करने के प्रयास में अलग - अलग जमीन के दीमक एक होने की जुगाड़ में हैं ताकि लोकतंत्र के मंदिर में घुसकर उसे चट कर सकें ! दीमक तभी अपने उद्देश्य में सफल होती है जब घर का मालिक अनजान या उदासीन हो । हम आज ऐसी ही कठिनाई से गुजर रहे हैं । देश की जनता चुपचाप अन्याय को सह रही है । विपक्ष पूरी तरह बिखरा हुआ है । अभी समय है यह देखने का कि हमारे अपने घर की खिड़की धीरे - धीरे क्यों बंद हो रही है ? जरूरत इस बात की है कि हम राजनीति के मैदान में यहाँ - वहाँ घुसे दीमकों को पहचान सकें और उन्हें अपने सिस्टम में घुसने से रोक सकें । अन्यथा इमारत तो बाहर से खूबसूरत और मजबूत दिखाई देती रहेगी , किंतु अंदर ही अंदर दीमक उसे खोखला करती रहेगी !

## एक नजर

### सीए दिवस स्वास्तिक आनंदम रिसार्ट में समारोह का आयोजन कर मनाया गया

**जगदलपुर, 3 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर जगदलपुर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा स्वास्तिक आनंदम रिसॉर्ट में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ एवं युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर जगदलपुर CPE Chapter के गठन की घोषणा की गई। नवगठित चैप्टर में सीए विवेक सोनी ने छ्श्ठ्ठाद्गठ्ठश्रह्व तथा सीए नीरव मोतीवाला ने Deputy Convenor का दायित्व ग्रहण किया। उपस्थित सदस्यों ने नई टीम का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। अपने संबोधन में नई कार्यकारिणी ने आगामी वर्षों के लिए अपना विज़न साझा करते हुए कहा कि उनका प्रमुख लक्ष्य जगदलपुर में ICAI की एक पूर्ण ब्रांच की स्थापना करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी सदस्यों के सहयोग एवं संस्थान के मार्गदर्शन से यह सपना शीघ्र साकार होगा, जिससे बस्तर संभाग के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं सीए विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर बेहतर शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं संस्थागत सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान गत सीए दिवस के बाद चार्टर्ड अकाउंटेंसी की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर नव-योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स बने सदस्यों का सम्मान किया गया। वरिष्ठ सदस्यों ने उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल व्यावसायिक जीवन की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में विभिन्न मनोरंजक खेलों एवं टीम गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिससे सभी सदस्यों के बीच आत्मीयता और सौहार्द का वातावरण बना। इसके पश्चात केक काटकर सीए दिवस का उत्सव मनाया गया तथा स्नेहभोज (डिनर) के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन केवल सीए दिवस का उत्सव नहीं, बल्कि जगदलपुर में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की बढ़ती एकजुटता, संस्थागत विकास और ICAI की पूर्ण शाखा की स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### पुलिस थाना चारामा के पास एक रात में ताला तोड़कर 5 दुकानों में चोरी

**कांकेर, 3 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के चारामा नगर में नेशनल हाईवे-30 किनारे स्थित पांच दुकानों में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। खास बात यह है कि घटनास्थल पुलिस थाना से महज 300 मीटर की दूरी पर है। चोरों ने अलग-अलग दुकानों के ताले तोड़कर नकदी और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं, जिनके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। चोरी की घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। इसके अलावा एक-दो दिन पुराना एक अन्य वीडियो भी मिला है, जिसमें रात के समय तीन संदिग्ध युवक इलाके में घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस दोनों फुटेज की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। थाना से कुछ ही दूरी पर एक साथ कई दुकानों में हुई चोरी की घटना ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार लोक सेवा एवं चॉइस सेंटर के संचालक गजेंद्र ने बताया कि सुबह करीब 9:43 बजे उन्हें चोरी की जानकारी मिली। उनके अनुसार बीती रात करीब 3:15 बजे चोर ताला तोड़कर दुकान में घुसे और स्टांप पेपर के साथ करीब 700 रुपये नकद लेकर फरार हो गए। साउथ इंडियन नाश्ता सेंटर के संचालक दिनेश गोस्वामी ने बताया कि उन्होंने बीती रात करीब 8:30 बजे दुकान बंद की थी। सुबह पहुंचे तो शटर का ताला टूटा मिला और दुकान का सामान बिखरा पड़ा था। चोर दुकान से तीन गैस सिलेंडर, करीब 65 हजार रुपये नकद और फ्रिज में रखा सामान चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि उन्होंने यह दुकान करीब डेढ़ महीने पहले ही शुरू की थी। सिन्हा रंगीन मछली घर के संचालक सुरेश सिन्हा ने बताया कि पड़ोसी दुकानों में चोरी की सूचना मिलने पर वे अपनी दुकान पहुंचे। वहां भी ताला टूटा मिला और काउंटर में रखे करीब 15 हजार रुपये गायब थे, उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

# सहकारी सप्ताह: ग्रामीणों को मिला माइक्रो एटीएम से नगद, केसीसी और रुपे कार्ड का लाभ

■ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सेवाएं हुईं और सशक्तः श्रीनिवास मिश्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 3 जुलाई।** सहकारी सप्ताह के चौथे दिन आज जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जगदलपुर की मुख्य शाखा के अधीनस्थ समितियों में विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों और ग्रामीण हितग्राहियों को माइक्रो एटीएम के माध्यम से नगद राशि, नवीन स्वीकृत किसान क्रेडिट कार्ड (चष्टष्ट) तथा रुपे केसीसी कार्ड का वितरण किया गया।

इस अवसर पर बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, संबंधित समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को कार्ड व वित्तीय सुविधाएं सौंपी। उन्होंने इसे सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम बताया।

### सहकारिता ग्रामीण विकास का मजबूत आधार: उपाध्यक्ष

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने कहा कि सहकारिता केवल एक आर्थिक व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण विकास का सबसे मजबूत आधार है। किसानों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना बैंक की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि माइक्रो एटीएम, केसीसी और रुपे कार्ड के माध्यम से ग्रामीणों को उनके घर-गांव के पास ही त्वरित और सरल वित्तीय सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। हमारा अंतिम उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

### लैंप्स सिरिसगुड़ा में किसानों को मिलीं सुविधाएं

इसी कड़ी में लैंप्स सिरिसगुड़ा में भी एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (छ्वश्वह्र) के. एस. ध्रुव एवं अतिरिक्त प्रबंधक एस. ए. रज़ा ने उपस्थित होकर किसानों को विभिन्न वित्तीय सेवाओं का लाभ प्रदान किया। अधिकारियों ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों को सरल, सुलभ एवं त्वरित बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना ही बैंक का मुख्य लक्ष्य है। सहकारी सप्ताह के तहत आयोजित इन कार्यक्रमों से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल और पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच मजबूत हो रही है, बल्कि किसानों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के प्रयासों को भी नई गति मिल रही है।

# इंद्रावती टाइगर रिजर्व में दो बाघों का शिकार! वन्य जीव सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

■ पासेवाड़ा कोर एरिया में घटना से हड़कंप, वन विभाग की कार्यप्रणाली कटघरे में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 3 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित इंद्रावती टाइगर रिजर्व (आईटीआर) से सामने आई दो बाघों के कथित शिकार की घटना ने वन्यजीव संरक्षण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, टाइगर रिजर्व के पासेवाड़ा कोर एरिया में दो बाघों का शिकार किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद टाइगर रिजर्व की सुरक्षा व्यवस्था और वन विभाग की निगरानी प्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। बाघों की खाल और नाखून बरामद होने की भी चर्चा है।

### कोर एरिया तक शिकारी कैसे पहुंचे?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि टाइगर रिजर्व के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले कोर एरिया तक शिकारी आखिर पहुंचे कैसे। भारी-भरकम वन अमले और नियमित गश्त के दावों के बावजूद यदि बाघों का शिकार हो जाता है, तो सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि घटना पासेवाड़ा रेंज के अंतर्गत हुई, जिससे क्षेत्रीय निगरानी व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

### अंतरराज्यीय गिरोह की आशंका

वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि घटना के पीछे किसी अंतरराज्यीय शिकारी गिरोह का हाथ हो सकता है। पिछले कुछ समय से टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाहरी लोगों की आवाजाही की सूचनाएं भी मिल रही थीं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि संगठित शिकारी गिरोह ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया।

### बाघ संरक्षण को बड़ा झटका

इंद्रावती टाइगर रिजर्व देश के महत्वपूर्ण बाघ अभयारण्यों में शामिल है। यहां बाघों की संख्या बढ़ाने और संरक्षण के लिए वर्षों से करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। ऐसे में दो बाघों के कथित शिकार की घटना संरक्षण प्रयासों के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच नहीं हुई तो भविष्य में भी ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति हो सकती है।

### आधिकारिक पुष्टि का इंतजार

फिलहाल इस मामले को लेकर कई तरह की चर्चाएं और दावे सामने आ रहे हैं। हालांकि, घटना के संबंध में वन विभाग की ओर से विस्तृत आधिकारिक बयान और जांच रिपोर्ट का इंतजार है।




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 3 जुलाई।** विशाल मेगा मार्ट परिसर में कानून को ठेंगा दिखाते हुए एक सुरक्षा गार्ड और उनकी बेटी के साथ की गई बर्बरता ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। पीड़ित नन्द दुलाल डे के साथ हुई मारपीट और डराने-धमकाने की इस घटना ने शहर की शांति पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

### क्या है पूरा मामला

दिनांक 01 जुलाई 2026 को नन्द दुलाल डे अपनी ड्यूटी मुस्तैदी से निभा रहे थे, तभी गलत जगह वाहन पार्क करने से रोकने पर आदित्य मोदी और उसके साथियों ने अपना आपा खो दिया। आरोप है कि आरोपियों ने गार्ड को घसीट-घसीट कर बुरी तरह पीटा। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने ड्यूटी पर मौजूद गार्ड की बेटी के साथ न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि ऑफिस में घुसकर बदतमीजी की।

### पुलिस की शुरुआती सुस्ती और दबाव का खेल

पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद आरोपियों ने अस्पताल और थाने के बाहर भी अपना दबदबा दिखाने की कोशिश की। जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित पर 'समझौते' के लिए दबाव बनाया गया। शुरुआती दौर में बोधघाट पुलिस के ढुलमुल रवैये ने मामले को और गंभीर बना दिया। हालांकि, बंगाली समाज के कड़े रुख और दबाव के बाद अब आरोपी शुभम मोदी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न गंभीर धाराओं (296, 115(2), 351(3), 351(5) और 151) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बंगाली समाज की दो टूक: कानून से ऊपर कोई नहीं

इस घटना से आक्रोशित बंगाली समाज ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। समाज के पदाधिकारियों का साफ कहना है।

निष्पक्ष जांच होः सीसीटीवी फुटेज ही इस मामले का सबसे बड़ा सबूत है, इसे सुरक्षित रखा जाए।

सुरक्षा की गारंटीः पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

सख्त कार्रवाईः राजनीतिक या अन्य किसी भी दबाव में आए बिना आरोपियों पर कड़ी कानूनी नजीर पेश की जाए।

### प्रशासन को चेतावनी

बंगाली समाज ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में लीपापोती की कोशिश की गई या आरोपियों को संरक्षण मिला, तो समाज लोकतांत्रिक तरीके से उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। बस्तर जैसे शांत क्षेत्र में इस तरह की दादागिरी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

*कानून का राज सर्वोपरि है। एक गरीब सुरक्षा गार्ड और उनकी बेटी के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी रसूखदार व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। प्रशासन को अब अपनी निष्पक्षता साबित करने का समय है।*

### कृषि मंत्री व सांसद ने बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा के हितग्राहियों को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्यपालन से लाभ दिलाने पर दिया जोर

**बीजापुर 3 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में 2 दिवसीय प्रवास पर आए कृषि मंत्री रामविचार नेताम और सांसद बस्तर महेश कश्यप ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया।बस्तर संभाग के बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों में संचालित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं की संयुक्त समीक्षा की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, किसानों की आय में वृद्धि तथा शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, नलकूप एवं कूप निर्माण, तिलहन, दलहन, मक्का, कोदो-कुटकी, हल्दी और गन्ने जैसी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। पार्लर प्रोजेक्ट के तहत हल्दी की खेती, नारियल एवं ऑयल पाम के पौधारोपण तथा उद्यानिकी लक्ष्यों की भी समीक्षा की गई।

भूमि के बेहतर उपयोग, रबी फसलों विशेषकर गेहूं की उत्पादकता बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण बीज वितरण, बीज उत्पादन कार्यक्रम, जैविक खेती तथा दलहन-तिलहन मिशन के प्रभावी संचालन पर भी जोर दिया गया। दंतेवाड़ा जिले में पिछले सात वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित जैविक खेती मॉडल को अन्य क्षेत्रों में भी अपनाने के निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित किसानों को जोड़े

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित किसानों को जोड़ने, सभी किसानों की फार्मर आईडी तैयार करने तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के पात्र किसानों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान पशुधन पोर्टल, टीकाकरण, मोबाइल वेटनरी यूनिट, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, बकरी पालन, सूकर पालन एवं उन्नत मादा पालन योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने पर बल दिया गया। मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा में हैचरी विस्तार, मछली एवं झींगा पालन को बढ़ावा देने, किसान क्रेडिट कार्ड, एनएफडीपी पंजीयन तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। अधिकारियों को मत्स्य पालकों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने और निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बस्तर संभाग के बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिलों के कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### महंत-बैज ने आगामी विधानसभा चुनाव में बस्तर की 12 सीटों पर जीत के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भरा जोश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भैरमगढ़/बीजापुर 3 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शक्ति प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन किया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के भैरमगढ़ प्रवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ नेताओं का अभिनंदन किया गया।

विधायक विक्रम मंडावी निवास में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरुआत जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर के स्वागत संबोधन से हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस लगातार सरकार की विफलताओं को जनता के बीच उजागर कर रही है। कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में बस्तर की सभी 12 सीटों पर जीत दर्ज करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया। बस्तर की जल, जंगल और जमीन की रक्षा आज सबसे महत्वपूर्ण है और कांग्रेस इस लड़ाई को जनता के साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि बस्तर शांति, प्रेम और भाईचारे की भूमि है, लेकिन यह क्षेत्र लंबे समय से संघर्ष और पीड़ा का भी साक्षी रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता आदिवासियों, किसानों, महिलाओं और युवाओं की आवाज बनकर उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे। महंत ने आरोप लगाया कि बोधघाट परियोजना बस्तर के लिए लाभकारी होना चाहिए। क्षेत्र का अस्तित्व को बचाने के लिए व्यापक चर्चा आवश्यक है। विधायक ने कहा कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन से संगठन को नई मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। आगामी चुनावों की रणनीति, संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान को लेकर भी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, जगदलपुर विधायक लखेश्वर बघेल, देवती कर्मा, गुरुमुख सिंह होरा, मलकीत सिंह गैदु सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## पद्मश्री डॉ. बुधरी ताती का दंतेवाड़ा में भव्य स्वागत कर किसानों और समाज के प्रति समर्पण को सराहा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 3 जुलाई।** महामहिम राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किए जाने के बाद दंतेवाड़ा की माटी की बेटी और ख्यातिलब्ध समाज सेविका डॉ. बुधरी ताती का जिले में आगमन पर उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। इसी क्रम में 'क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति मर्यादित' दंतेवाड़ा में किसानों, समिति के पदाधिकारियों और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों द्वारा डॉ. ताती का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत सत्कार किया गया।

स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए समिति के उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने डॉ. बुधरी ताती के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार डॉ. ताती ने अपने बाल्यकाल से ही पिछड़े और वंचित आदिवासी समाज के उत्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। निर्धन और जरूरतमंदों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और कुछ कर गुजरने की ललक आज पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। इस राष्ट्रीय सम्मान ने न केवल दंतेवाड़ा जिले को, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

वर्तमान में 'क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति' की अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहीं पद्मश्री डॉ. ताती ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत नहीं, बल्कि समाज और जनता के अपार प्यार, आशीर्वाद और सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति की

बदहाल स्थिति को याद करते हुए कहा, ÷जब मुझे अध्यक्ष के रूप में इसका संचालन सौंपा गया था, तब संस्था अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही थी। न दूध क्रय करने की क्षमता थी और न ही भंडारण की व्यवस्था। हमने इसे पुनः जीवित करने का संकल्प लिया और प्रशासनिक सहयोग से इसे खड़ा किया। किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए डॉ. ताती ने पूर्व संचालक के कार्यकाल में लंबित 40 लाख रुपये के भुगतान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वे इस विषय को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। मुख्यमंत्री से इस संबंध में उनकी चर्चा हुई है और शीघ्र ही किसानों को उनका बकाया भुगतान दिलाकर राहत प्रदान की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि वर्तमान में सीमित संसाधनों के कारण जिले के हर किसान का दूध क्रय करना कठिन हो रहा है, लेकिन जल्द ही वे पूरे जिले के गौ-पालक किसानों तक पहुँचकर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगी। कार्यक्रम का संचालन समिति के प्रबंधक दिलीप सोनी ने किया इस अवसर पर समिति के सचिव दिनेश यादव उमाशंकर शुक्ला रंजीत सिंग यश जैन पद्म शंकर वासुदेव जी पूर्व जनपद अध्यक्ष गीदम सुश्री अंति वेग सहित त पशु सेवा विभाग से डाक्टर भगत पंजीयन शाखा के अधिकारी सहित तमाम गौ पालक किसान तथा कर्मचारी उपस्थित थे!

## मुक्तिधाम निर्माण कार्यों को नपं उपाध्यक्ष के प्रयासों से मिली प्रशासनिक स्वीकृति, गीदम के विकास को मिलेगी गति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 3 जुलाई।** नगर पंचायत गीदम में प्रस्तावित विभिन्न मुक्तिधाम निर्माण एवं विकास कार्यों को लेकर लंबे समय से चल रही मांग को अब बड़ी सफलता मिली है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण (एसयूडीए ), अटल नगर, नया रायपुर को भेजे गए पत्र के बाद शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए मुक्तिधाम योजनांतर्गत प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई है। उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता ने 20 मई 2026 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण को पत्र भेजकर अवगत कराया था कि अगस्त 2025 में आई बाढ़ आपदा के कारण नगर पंचायत गीदम के कई मुक्तिधाम क्षतिग्रस्त हो गए थे। इससे अंतिम संस्कार जैसी आवश्यक सेवाओं में भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। पत्र में जनहित को ध्यान में रखते हुए मुक्तिधामों के निर्माण एवं आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के लिए भेजे गए प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद राज्य शहरी विकास अभिकरण, छत्तीसगढ़ द्वारा 30 जून 2026 को जारी आदेश में प्रदेश की 31 नगरीय निकायों के विभिन्न मुक्तिधाम विकास कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।



इस सूची में नगर पंचायत गीदम के प्रस्तावित कार्यों को भी शामिल किया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्वीकृत कार्य निर्धारित शर्तों एवं नियमों के अनुरूप किए जाएंगे। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मुक्तिधामों में लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक कठिन हो जाती थी। नगर पंचायत उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि नपं अध्यक्ष रजनीश सुराना के नेतृत्व में गीदम में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे है, शासन द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद अब प्रयास रहेगा कि निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से शुरू होकर गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो। उन्होंने शासन एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि इससे नगर पंचायत गीदम की आधारभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

## एक नजर

### सीएम हेल्पलाइन से रायगढ़ के छोटे अतरमुड़ा वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त, नाली सफाई समस्या का त्वरित समाधान



**रायगढ़, 3 जुलाई।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का एक मजबूत माध्यम साबित हो रही है। इसी कड़ी में रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत छोटे अतरमुड़ा वार्ड क्रमांक 03 में नाली सफाई एवं कचरा निस्तारण से जुड़ी वर्षों से लंबित समस्या का प्रशासनिक त्वरित कार्रवाई के बाद सफल समाधान किया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।वार्ड निवासी श्री देव कुमार द्वारा सीएम हेल्पलाइन 1076 पर दर्ज शिकायत में यह उल्लेख किया गया था कि क्षेत्र की नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण गंदगी एवं जलभराव की स्थिति बनी हुई है, वहीं मंदिर परिसर के आसपास कचरे का लगातार जमाव होने से स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है और स्ट्रीट लाइटों की खराबी के कारण रात्रिकालीन असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे आमजन को दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, शिकायत प्राप्त होते ही नगर निगम प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए सफाई अमले को मौके पर भेजा गया, जहां टीम द्वारा युद्धस्तर पर कार्य करते हुए अवरुद्ध नालियों की सफाई कर जल निकासी व्यवस्था को सुचारू किया गया तथा क्षेत्र में फैले कचरे का तत्काल उठाव एवं सुरक्षित निस्तारण सुनिश्चित किया गया, जिसके बाद स्वच्छता व्यवस्था को पुनः बहाल करते हुए पूरे वार्ड को साफ-सुथरा बनाया गया।

### मुर्गीपालन, मशरूम उत्पादन और चटिया मिल से संवरी लच्छंतीन बाई की जिंदगी



**कांकेर, 3 जुलाई ।** बिहान (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) से जिले के स्व-सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा उनके जीवन को नई दशा और दिशा दी है। भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम कराठी निवासी श्रीमती लच्छंतीन बाई दरपट्टी आज महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं। वह तुलसी स्व सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं, जो महिला शक्ति संकुल संगठन कन्हारगांव से जुड़ा हुआ है। जिला मुख्यालय से लगभग 08 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव में 'बिहान' राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने उनके जीवन की दिशा बदल दी है।श्रीमती लच्छंतीन बाई ने बताया कि समूह से जुड़ने से पहले परिवार की आर्थिक स्थिति खराब थी। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में बहुत परेशानी होती थी तथा परिवार को कठिन समय में आर्थिक मदद नहीं मिल पाती थी। थोड़े से पैसे के लिए उन्हें अक्सर दूसरे लोगों से ब्याज पर ऋण लेना पड़ता था। खेती की आधुनिक तकनीकों की जानकारी का अभाव था और स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का सपना केवल सपना ही बनकर रह गया। इस दौरान उन्हें बिहान योजना के बारे में पता चला, वहां 10 दीदी मिलकर एक समूह गठन कर बचत करते हैं और जरूरत के समय वहीं से आसानी से ऋण भी मिल जाती है। गांव की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर उन्होंने स्व सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह से जुड़ने के बाद नियमित बैठक एवं बचत करना शुरू किया। अब जरूरत पड़ने पर उन्हें आसानी से समूह के माध्यम से ऋण मिलने लगा, जिससे दूसरों पर निर्भरता समाप्त हो गई। उन्हें चक्रीय निधि एवं प्रोत्साहन राशि का लाभ मिला है। आजीविका गतिविधियों को बढ़ाने के लिए बैंक से 01 लाख 20 हजार रुपये का ऋण भी प्राप्त हुआ। अब मैं बैंक से लेन-देन आसानी से कर रही हूँ। इस दौरान बिहान के बीपीएम द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया गया। अधिकारियों के माध्यम से उन्हें मुद्रा ऋण की जानकारी मिली और बैंक से आवश्यक सहायता प्राप्त हुई। आज मैं चटिया मिल (लघु प्रसंस्करण इकाई), मशरूम उत्पादन, मुर्गी पालन, कृषि कार्य जैसे विभिन्न आजीविका गतिविधियों का संचालन कर रही हूँ। इन गतिविधियों से लगभग 12 हजार रुपये प्रतिमाह तथा करीब 01 लाख 45 हजार रूपये वार्षिक आय प्राप्त हो रही है। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बच्चों की शिक्षा बेहतर ढंग से हो रही है, इससे जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। लच्छंतीन बाई आज ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की प्रेरणा स्रोत बन गई है।

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का लिया संज्ञान, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत

# रायगढ़ वन मंडल में हाथियों को प्रताड़ित करने वाले दो मुख्य आरोपियों को वन विभाग ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 जुलाई ।** रायगढ़ वनमंडल ने जंगली हाथियों को प्रताड़ित करने और वन्यजीवों के प्रति गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के ग्राम छर्राटांगर में खेतों में पहुंचे दो जंगली हाथियों पर कुछ लोगों द्वारा पत्थर फेंकने, पटाखे फोड़ने तथा उन्हें भयभीत कर भगाने का प्रयास करते हुए देखा गया था। वीडियो सामने आते ही वन विभाग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की और आरोपियों तक पहुंचने में सफलता हासिल की।

वनमंडलाधिकारी श्री अरविंद पी.एम. के निर्देशन, उप वनमंडलाधिकारी घरघोड़ा श्री आशुतोष मांडवा के मार्गदर्शन तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री विक्रांत कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वीडियो की गहन जांच की। तकनीकी एवं मैदानी जांच के आधार पर मनमोहन राठिया एवं करम सिंह राठिया की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। दोनों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 2(16), 9, 51 एवं 52 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

**डीएफओ की अपील- हाथियों से दूरी ही सबसे बड़ी सुरक्षा**

वनमंडलाधिकारी श्री अरविंद पी.एम. ने कहा कि जंगल से लगे क्षेत्रों में हाथियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर लोग किसी भी परिस्थिति में उनके नजदीक न जाएं। मोबाइल से वीडियो या रील बनाने के लिए हाथियों के करीब जाना अत्यंत खतरनाक हो सकता है। हाथियों को पत्थर मारना, पटाखे फोड़कर डराना, उनका पीछा करना अथवा किसी भी प्रकार से उन्हें उकसाना गैर-जमानती एवं दंडनीय अपराध है। ऐसे कृत्य न केवल वन्यजीव संरक्षण कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि मानव-हाथी संघर्ष को भी बढ़ावा देते हैं, जिससे जनहानि की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि हाथियों के दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना दें और विभागीय दल के निर्देशों का पालन करें। वन्यजीवों को उकसाने, प्रताड़ित करने या भीड़ एकत्र कर उन्हें घेरने जैसी घटनाओं को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को दिया जा रहा तकनीकी प्रशिक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 जुलाई।** जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, खाद निर्माण की जानकारी, पीजीएस प्रमाणीकरण, शैक्षणिक भ्रमण और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और विभागीय अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर किसानों को ऐसी खेती की तकनीक सिखा रहे हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता भी बढ़े और उत्पादन की गुणवत्ता भी बेहतर हो। इस बदलाव को जनभागीदारी का स्वरूप देने के लिए कृषि विभाग द्वारा एक महीने तक जिले की सभी 549 ग्राम पंचायतों में ''खेत बचाओ अभियान'' चलाया गया। इसके तहत 930 किसानों ने 337 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती तथा 1126 किसानों ने 429 हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक खेती अपनाने की सहमति दी। जैविक एवं प्राकृतिक खेती का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे मिट्टी की सेहत सुधरती है, रासायनिक उर्वरकों पर खर्च घटता है, जल संरक्षण होता है और उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न मिलता है।

कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि कृषक उन्नति योजना अंतर्गत जो किसान धान के स्थान पर दलहन, तिलहन या अन्य खरीफ फसलें अपनाएंगे, उन्हें प्रति एकड़ 15 हजार रुपए की आदान सहायता मिलेगी। पहले से मक्का, रागी, कोदो, कुटकी, तिलहन, दलहन और कपास जैसी फसलें लेने वाले किसानों को भी 10 हजार रुपए प्रति एकड़ की सहायता मिलती रहेगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में जिले में 1000 हेक्टेयर क्षेत्र में परंपरागत खेती, 500 हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती तथा 450 एकड़ में जैविक खेती की गई। वहीं 1680 हेक्टेयर क्षेत्र में सुगंधित धान और पौष्टिक मोटे अनाजों का उत्पादन किसानों की आय का नया आधार बन रहा है। देवभोग और जवाफूल जैसी पारंपरिक धान की किस्में अब केवल पहचान नहीं, बल्कि किसानों के लिए बेहतर आमदनी का माध्यम भी बन रही हैं। रागी, कोदो और अन्य मोटे अनाजों की बढ़ती मांग ने किसानों को यह भरोसा दिया है कि फसल विविधीकरण केवल जोखिम कम नहीं करता, बल्कि आय बढ़ाने का भी मजबूत माध्यम बन सकता है।

## जिंदल सेंटर में सीआईआई ने किया सेफ्टी वर्कशॉप का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 3 जुलाई ।** औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने तथा बदलते औद्योगिक परिदृश्य में सुरक्षा मानकों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज जिंदल सेंटर में कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के तत्वावधान में सेफ्टी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में जेएसपीएल सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधन प्रतिनिधि, अन्य कारखानों के प्रतिभागी तथा औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े अधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान औद्योगिक सुरक्षा के विविध पहलुओं पर विस्तृत तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें जेएसपीएल, बालको, टाटा स्टील सहित विभिन्न प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयों के विशेषज्ञों ने अपने अनुभव एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से सुरक्षा प्रबंधन, जोखिम नियंत्रण एवं दुर्घटना न्यूनिकरण के प्रभावी उपायों पर विस्तृत जानकारी साझा की। विशेषज्ञों ने औद्योगिक इकाइयों में कार्यस्थल सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने हेतु नवीनतम तकनीकों और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक औद्योगिक वातावरण में सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं बल्कि एक सतत संस्कृति के रूप में विकसित किए जाने की आवश्यकता है।वर्कशॉप के दौरान बदलते तकनीकी परिदृश्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ऑगमेंटेड रियलिटी और वर्चुअल रियलिटी जैसी उन्नत तकनीकों के उपयोग पर विशेष चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि इन तकनीकों के प्रभावी उपयोग से औद्योगिक दुर्घटनाओं की संभावना को काफी हद तक कम किया जा सकता है, साथ ही प्रशिक्षण प्रणाली को अधिक सुरक्षित, सटीक और व्यवहारिक बनाया जा सकता है। सत्र में यह भी विचार किया गया कि कैसे डिजिटल टूल्स और डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से संभावित जोखिमों की पूर्व पहचान कर समय रहते रोकथाम की जा सकती है। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए औद्योगिक सुरक्षा को लेकर विभिन्न व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम ने औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा संस्कृति को और अधिक मजबूत बनाने तथा तकनीक आधारित सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।

### वार्ड क्रमांक-7 में नई राशन दुकान के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 3 जुलाई।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-07 (सर्किट हाउस) में युक्तियुक्तकरण के तहत नई शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित किए जाने के लिए दुकान एजेंसी की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समिति, अन्य सहकारी समितियां तथा वन सुरक्षा समितियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक संस्थाएं अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 10 जुलाई 2026 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## रायगढ़ में वीबी-जी रामजी मिशन का शुभारंभ, सभी विकासखंडों में हुआ राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 3 जुलाई।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और रोजगार के अवसरों के विस्तार की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी रामजी का आज शुभारंभ किया गया। आंध्र प्रदेश से आयोजित राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने मिशन की प्रमुख विशेषताओं और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी सातों विकासखंडों में राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने देखा एवं सुना।

जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय जन सम्मेलन सह शुभारंभ कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रवीन्द्र गबेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक तथा स्व-सहायता समूहों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गबेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वीबी-जी रामजी मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों तक गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती खलखो ने कहा कि योजना के तहत दैनिक मजदूरी दर को बढ़ाकर 300 रुपए प्रतिदिन निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही रोजगार का भुगतान सात दिनों के भीतर सुनिश्चित करने, कार्य मांग के 15 दिनों के भीतर उपलब्ध कराने तथा प्रशासनिक व्यय की सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत करने जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल किए गए हैं। योजना में 60 दिनों के कृषि विराम के प्रावधान को भी यथावत रखा गया है। सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि मिशन के अंतर्गत जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन, कौशल विकास और विकसित ग्राम पंचायत योजना को प्राथमिकता दी जाएगी। डिजिटल व्यवस्था के तहत जीआईएस आधारित मॉनिटरिंग, ई-केवाईसी और बायोमेट्रिक प्रणाली से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए जिले के सातों विकासखंडों से चयनित एक-एक ग्राम रोजगार सहायक और तकनीकी सहायक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन ही ग्रामीण विकास योजनाओं की सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह मिशन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और ग्राम पंचायत स्तर पर समग्र विकास को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आने वाले समय में ग्रामीण जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा।

### जोरातराई के स्व-सहायता समूह की 19 महिला हितग्राहियों को डेयरी इकाई मंजूर

**महासमुंद, 3 जुलाई ।** आदिवासी विकास विभाग की विशेष केंद्रीय सहायता उपयोजना के अंतर्गत विकासखंड बागबाहरा के माडा ग्राम जोरातराई में स्व-सहायता समूह की 19 महिला हितग्राहियों को डेयरी इकाई स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में 01 जुलाई 2026 को महिला हितग्राहियों के लिए पशुपालन एवं डेयरी प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने डेयरी प्रबंधन, पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य संरक्षण, पशु प्रजनन, चारा विकास एवं चारा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। महिलाओं को पशुओं के उचित आवास, रख-रखाव, स्वच्छता एवं देखभाल के वैज्ञानिक तरीकों से अवगत कराया गया। साथ ही संतुलित आहार, हरे चारे के उपयोग तथा अधिक दूध उत्पादन के उपायों की जानकारी दी गई।

## ग्राम पंचायत संकरी ने अवैध कब्जों को हटाने नायब तहसीलदार और थाने को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर,3 जुलाई ।** मंदिर हसौद तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम संकरी ( जावा ) के पंचायत ने ग्राम के कतिपय शासकीय भूमियों के खसरा नंबर व आबादी की भूमि पर कच्चे व पक्के चारदीवारी बना किये गये अवैध कब्जों को हटाने संकल्पित हो सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर मंदिर हसौद तहसील में पदस्थ संबंधित नायब तहसीलदार नीलम ठाकुर व थाना प्रशासन को ज्ञापन सौंप अवैध कब्जों को हटवाने की मांग की है ।बीते कल गुरुवार को सरपंच लीना विक्की वर्मा व उपसरपंच सरिता शिवा साहू के साथ पंचगण सुनीता साहू , गोपी साहू , चंद्रकला यादव , डा खेमन साहू , कुबेर दास मानिकपुरी , कमलेश राव , राजकुमारी जांगड़े ने यह ज्ञापन सौंपा । उनके साथ सरपंच प्रतिनिधि विक्की वर्मा व पूर्व उपसरपंच शिवा साहू भी थे । पंच भूपेंद्र कुर्रे व मंगतीन वर्मा व्यक्तिगत कारणों के चलते शामिल नहीं हो पाये ।

## राष्ट्रीय वेक्टरजनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले को डेंगूमुक्त बनाने की दिशा में की जा रही प्रभावी पहल

**रायगढ़, 3 जुलाई।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले को डेंगू मुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी पहल किए जा रहे है। इसके तहत मौसम पूर्व तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतत अभियान संचालित किया जा रहा है। पूर्व वर्षों में बड़ी सफलता के बाद वर्ष 2026 में ÷शून्य डेंगू÷ लक्ष्य पर काम जारी है। लार्वा नियंत्रण, फॉगिंग और जनजागरूकता पर विशेष फोकस किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करते हुए अस्पतालों में विशेष डेंगू वार्ड तैयार किए गए हैं।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि वर्ष 2026 में डेंगू नियंत्रण को पूर्णतः प्रभावी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभागीय प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में जहां 1968 डेंगू प्रकरण दर्ज किए गए थे, वहीं वर्ष 2025 में यह घटकर मात्र 30 रह गए। वर्तमान वर्ष 2026 में अब तक की स्थिति में डेंगू नियंत्रण लगभग पूर्ण नियंत्रण की ओर है, जो विभागीय सतर्कता एवं समन्वित प्रयासों का परिणाम है। पिछले वर्ष डेंगू मौसम से पूर्व ही स्वास्थ्य विभाग को विस्तृत तैयारियों के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं तथा फॉगिंग, टेमिफॉस एवं बीटीआई के छिड़काव, स्रोत नियंत्रण गतिविधियों एवं व्यापक जन-जागरूकता अभियानों को प्राथमिकता दी गई। इन निर्देशों के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर प्रत्येक वार्ड में सक्रिय कार्य किया।

नगर निगम रायगढ़ द्वारा वार्ड स्तर पर स्वच्छता अभियान, नियमित फॉगिंग, लार्वानाशक दवा का छिड़काव तथा पोस्टर वितरण जैसे कार्य किए गए। कचरा वाहनों के माध्यम से डेंगू से बचाव संबंधी संदेशों का प्रसार भी किया गया, जिससे आमजन में जागरूकता बढ़ी। वहीं मितानिन कार्यक्रम के माध्यम से घर-घर लार्वा सर्वे, स्रोत नियंत्रण एवं जनजागरूकता गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्रिडिंग चेकर्स के माध्यम से डेंगू के लार्वा की पहचान कर टेमिफॉस का छिड़काव किया गया तथा प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल नियंत्रणात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जिन क्षेत्रों में लगातार लार्वा पाए गए, वहां नगर निगम के सहयोग से चालानी कार्यवाही भी की गई, जिससे स्वच्छता के प्रति सख्ती और जागरूकता दोनों में वृद्धि हुई। पूर्व वर्षों की सफलताओं को आधार बनाते हुए इस वर्ष भी स्वास्थ्य विभाग एवं समस्त सहयोगी विभाग पूर्ण समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं, जिससे रायगढ़ जिले को डेंगू मुक्त बनाने की दिशा में ठोस एवं प्रभावी परिणाम प्राप्त हो सके।

जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में डेंगू मरीजों हेतु विशेष वार्ड, मच्छरदानी सुविधा तथा उपचार की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सभी शासकीय एवं निजी अस्पतालों में डेंगू जांच एवं उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं तथा पॉजिटिव केस की तत्काल सूचना स्वास्थ्य विभाग को देने के निर्देश दिए गए हैं ताकि समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने कहा कि डेंगू नियंत्रण केवल प्रशासनिक प्रयासों से संभव नहीं है, इसमें जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार के जलजमाव को तुरंत समाप्त करें।

**डेंगू के लक्षण एवं बचाव के उपाय**



डेंगू के लक्षणों में अचानक तेज बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, जी मिचलाना, उल्टी, त्वचा पर चकत्ते तथा गंभीर स्थिति में नाक, मुंह एवं मसूड़ों से रक्तस्राव शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराना आवश्यक है तथा स्वयं उपचार नहीं करना चाहिए। डेंगू के मच्छर स्थिर एवं साफ पानी में पनपते हैं, इसलिए घर एवं आसपास जलजमाव रोकना अत्यंत आवश्यक है। कूलर, पानी की टंकी, फ्रिज ट्रे, पशु-पक्षियों के जलपात्र आदि को सप्ताह में एक बार खाली कर सुखाना चाहिए। नारियल खोल, टूटे बर्तन एवं टायरों में पानी जमा न होने दें।

घरों में दरवाजों एवं खिड़कियों पर जाली/परदे लगाना, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनना तथा आसपास गड्ढों को मिट्टी से भरना भी आवश्यक बचाव उपाय हैं।

## दृष्टि संस्था ने डॉक्टर्स-डे पर चिकित्सकों का सम्मान कर सेवा और समर्पण को किया सलाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 जुलाई।** चिकित्सा जगत में निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करने वाले डॉक्टरों को समाज में ईश्वर का दर्जा दिया जाता है। इसी भावना को साकार करते हुए रायगढ़ दृष्टि संस्था ने इस वर्ष डॉक्टर्स-डे के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।



**क्लीनिक पहुंचकर किया सम्मान**

संस्था के पदाधिकारियों ने इस बार अनूठी पहल करते हुए डॉक्टरों को मंच पर न बुलाकर, स्वयं उनके क्लीनिकों और अस्पतालों में जाकर सम्मानित किया। सभी चिकित्सकों को पुष्पगुच्छ भेंट कर और प्रशस्ति-पत्र देकर उनकी चिकित्सकीय सेवाओं के लिए आभार जताया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने भी संस्था के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन उन्हें और अधिक सेवा भाव से काम करने की प्रेरणा देते हैं।

**डॉक्टर ईश्वर का रूप हैं - कमल शर्मा**

संस्था के निदेशक कमल शर्मा ने इस अवसर पर कहा, ÷रायगढ़ दृष्टि संस्था हर वर्ष डॉक्टर्स-डे पर चिकित्सकों का सम्मान करती आ रही है। हमारा मानना है कि डॉक्टर ईश्वर का रूप होते हैं, जो अपनी निष्ठा, समर्पण और ज्ञान से मरीजों को नया जीवन देते हैं। डॉक्टरों का सम्मान हम जीवनभर करते हैं, लेकिन 1 जुलाई का यह दिन उनके त्याग और तपस्या को विशेष रूप से याद करने का दिन है। इसलिए हम इस दिन कार्यक्रम आयोजित कर उनकी सेवाओं को सलाम करते हैं।

**इन वरिष्ठ चिकित्सकों का हुआ सम्मान**

इस वर्ष संस्था द्वारा शहर और अंचल में अपनी निस्वार्थ सेवा के लिए पहचाने जाने वाले कई वरिष्ठ डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में शामिल हैं।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.एल. अग्रवाल, डॉ. राजेन्द्र अग्रवाल राजू डा.रूपेंद्र पटेल सिटी हॉस्पिटल- डॉ. पवन अग्रवाल, डॉ. अजय गुप्ता डा.खुशबू अग्रवाल

अन्य प्रतिष्ठित डॉक्टर÷डॉ. हरनिश अग्रवाल, डॉ. मल्लिका अग्रवाल, डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. नमिता पटेल, डॉ. सलोनी अग्रवाल, डॉ. गौरव अग्रवाल, डॉ. अनंत अग्रवाल, डॉ. अभिषेक अग्रवाल, डॉ. प्रिया अग्रवाल, डॉ. प्रशांत अग्रवाल तथा डॉ. राहुल अग्रवाल।

**संस्था की परंपरा**

रायगढ़ दृष्टि संस्था सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों के लिए जानी जाती है। डॉक्टर्स-डे पर चिकित्सकों का सम्मान करना संस्था की वार्षिक परंपरा बन चुकी है। संस्था का उद्देश्य न केवल डॉक्टरों का मनोबल बढ़ाना है, बल्कि समाज को यह संदेश देना भी है कि चिकित्सक और मरीज के बीच का रिश्ता विश्वास और सम्मान पर टिका होता है।

इस पहल से शहर के चिकित्सा जगत में उत्साह का माहौल देखा गया। कई डॉक्टरों ने कहा कि भागदौड़ भरे जीवन में जब कोई संस्था इस तरह आपके पास आकर आभार जताती है, तो वह पल भावुक कर देने वाला होता है।

# सिमगा शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र का हर्षोल्लास से शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 3 जुलाई।** शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, सिमगा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों का उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट, रंगोली एवं स्वागत संदेशों से सजाया गया। विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा एवं मिठाई वितरित कर आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे विद्यालय का वातावरण उल्लास एवं उत्साह से भर गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शोभा सोनी ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासन, संस्कार, परिश्रम एवं नियमित अध्ययन के महत्व से अवगत कराया तथा नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएँ दीं। उप-प्राचार्य डॉ. आकाश सोनी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने, समय का सदुपयोग करने तथा नैतिक मूल्यों के साथ शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की व्याख्याता श्रीमती स्मिता सोनी, तथा व्याख्याता श्री अभिषेक जैन, श्री फिरोज कुरैशी एवं श्री मोरजध्वज साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन का संकल्प दिलाया गया। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि नवीन शैक्षणिक सत्र विद्यार्थियों के लिए सफलता, ज्ञान एवं नए अवसरों से परिपूर्ण रहेगा।

## एक नजर

### हरी ठाकुर शासकीय उ.मा. शाला चंगोराभाठा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

**रायपुर 3 जुलाई।** आज रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर जोन 5 अंतर्गत डॉ. खूबचद बघेल वार्ड क्रमांक 68 अतर्गत चगोराभाठा की हरी ठाकुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव में रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी, नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, वार्ड पार्षद श्रीमती दुर्गा यादराम साहू, नगर निगम के एल्डरमेन श्री रामकिकर सिंह, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रमेश सिह ठाकुर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर शाला के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियो ने विद्यार्थियों को नया शिक्षण सत्र प्रारंभ होने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं शाला में मन लगाकर पढ़कर श्रेष्ठ अंक लाकर अपने, अपने परिवार, शहर, राज्य का गौरव बढ़ाने का संकल्प लेने का आव्हान किया। साथ ही शिक्षको को नये सत्र की बधाई देते हुए उनसे सभी विद्यार्थियो को अच्छी गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने का सुझाव दिया ताकि बड़े होकर स्कूली बच्चे श्रेष्ठ नागरिक बन सके।

### अखंड ब्राह्मण समाज ,महिला मंडल ने डॉक्टर्स एवं सीए का किया सम्मान



**राजनांदगांव , 3 जुलाई।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**।1 जुलाई डॉक्टर्स दिवस एवं सी ए दिवस के विशेष अवसर पर प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज , महिला मंडल ने डॉक्टर्स एवं सी ए का सम्मान किया । महिला मंडल , अध्यक्ष श्रीमती ममता अवस्थी के नेतृत्व में सम्मान की एक अलग परंपरा को जन्म देते हुए डॉक्टर्स तथा सी ए के सम्मान हेतु खुद उनके निवास तक पहुंचा और उनकी भूमिका को सर्वोत्कृष्ट मानते हुए उन्हें सम्मानित किया । अखंड ब्राह्मण समाज की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी , अध्यक्ष श्रीमती ममता अवस्थी तथा सचिव निधि बाजपेई ने अनुपम उदाहरण पेश करते हुए सम्मान की परंपरा को नया अमलीजामा पहनाया । सम्मान के लिए कोई भी संस्था आयोजन कर सम्मानित होने वालों को आयोजन स्थल पर आमंत्रित करती है । अखंड ब्राह्मण समाज , महिला मंडल ने इसमें ऐतिहासिक बदलाव करते हुए सम्मानितों को न बुलाकर खुद उनके निवास में जाकर उन्हें सम्मानित किया । प्यासा कुएं के समीप जाता है ..' कुछ इसी तर्ज पर महिला मंडल ने वरिष्ठ चिकित्सक ए एस दीक्षित को उनके घर पर सम्मानित करने के साथ ही डॉक्टर साधना तिवारी , डॉक्टर दीपिका खंडेलवाल तथा सी ए टीना खंडेलवाल को भी उनके निज निवास पर सम्मान प्रदान किया । गौरतलब है कि डॉ. साधना तिवारी खुद भी अखंड ब्राह्मण समाज की संरक्षिका हैं और अपनी दोनों भूमिकाओं को बखूबी अंजाम दे रही हैं ।

### आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर युवक को भेजा गया जेल

**राजनांदगांव 3 जुलाई।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री अलेकजेण्डर किरों के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उपेन्द्र कुमार थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में अड्डेबाजी एवं चाकूबाजी कर शहर में दहशत फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलॉफकार्यवाही हेतु अभियान चलाया जा रहा है। आज दिनांक 02.07.2026 को मुखबीर से सूचना मिला कि घटना स्थल ममता नगर राजस्थानी होटल के सामने एक व्यक्ति किसी घटना को अंजांम देने की नियत से चाकु लेकर खड़ा है। कि सूचना पर मौका पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता रेमन वर्मा पिता धनसाय वर्मा उम्र 19 साल साकिन ग्राम बिजनापुर ओ0पी0 मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ0ग0)बताया। तलाशी लेने पर एक नग काले रंग का लोहे का धारदार चाकु बरामद हुआ। लोहे कर धारदार चाकु एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एम0एच0 40 सी.पी.- 4390 किमती 18,000 रूपये वजह सबूत में जप्त कर अपराध सबूत पाये जाने से अप0क्र0 173/26 धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

# विकसित भारत जीरामजी योजना ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास तथा गरीब व जरूरतमंद परिवारों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 3 जुलाई।** विकसित भारत - रोजगार गारंटी एवं आजीवका मिशन ग्रामीण के शुभारंभ अवसर पर आज वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने विधानसभा निवास कार्यालय से तथा जिला पंचायत सभाकक्ष से सांसद श्री संतोष पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कार्यक्रम से जुड़े। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास तथा गरीब परिवारों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत रोजगार के अवसरों का विस्तार किया गया है तथा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, कृषि विकास, भूमि सुधार, ग्रामीण सड़क निर्माण एवं सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण जैसे कार्यों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि योजना में रोजगार की अवधि बढ़ाकर 125 दिवस किए जाने से ग्रामीण मजदूरों को अतिरिक्त रोजगार मिलेगा तथा गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गरीब कल्याण और किसान हितैषी संकल्प को यह योजना और अधिक प्रभावी बनाएगी। उन्होंने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के साथ-साथ आजीविका, जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन तथा आधारभूत अधोसंरचना विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा के तहत 100 दिवस का रोजगार मिलता था, जिसे अब बढ़ाकर 125 दिवस कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से सड़क, पुल-पुलिया, नहर, जल संरक्षण सहित विभिन्न विकास कार्यों को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीणों का पलायन कम होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ेगी और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से ग्रामीण क्षेत्रों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को इससे जोडने् का आग्रह किया। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि विकसित भारत - रोजगार गारंटी एवं आजीवका मिशन ग्रामीण योजना में रोजगार की अवधि 100 दिवस से बढ़ाकर 125 दिवस किए जाने से श्रमिक परिवारों को अतिरिक्त रोजगार और आय का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना का दायरा बढ़ाते हुए जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, ग्रामीण आवश्यकताओं पर आधारित निर्माण कार्यों तथा अन्य विकास कार्यों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि योजना का विशेष फोकस ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर है। जिले में एक लाख 30 हजार से अधिक महिला स्वसहायता समूह सदस्य सक्रिय हैं और उनकी भागीदारी से योजना के बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे।



**तिल्दा-नेवरा 3 जुलाई ।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**।आभार एवं अभिनंदन तिल्दा नेवरा रायपुर स्थित माननीय कैबिनेट मंत्री श्री टंक राम वर्मा जी के निवास पर पहुँचकर उनसे सौजन्य भेंट करने, उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तिल्दा-नेवरा क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने तथा शिक्षा, सड़क, अधोसंरचना एवं जनकल्याण के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए माननीय मंत्री जी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। आपके कुशल नेतृत्व एवं जनसेवा के संकल्प से आज तिल्दा-नेवरा विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई तस्वीर स्पष्ट दिखाई दे रही है। आपका मार्गदर्शन और जनहित के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। माननीय कैबिनेट मंत्री श्री टंक राम वर्मा जी को हार्दिक बधाई एवं उज्वल, सफल जनसेवा की मंगलकामनाएँ।

### रघुवीर प्रसाद साहू को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**राजनांदगांव 3 जुलाई।** समीपस्थल ग्राम भोथीपार खुर्द नया पारा में राजाराम मेझ प्रोडक्ट कंपनी में कार्यरत बांयलर टर्नर श्री रघुबीर प्रसाद साहू के 60 वर्ष पूर्ण करने पर सहकर्मीचारियो विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें अधिवक्ता एवं सलाहकार वरूण तिवारी अध्यक्ष राष्ट्रीय ग्लुकोज़ स्टार्च केमिकल मजदूर संघ योगेन्द्र दास वैष्णव श्रम शिक्षक बाबू लाल साहू इंचार्ज अब्दुल नईम शेख उपाध्यक्ष बिसालिक साहू गाणेश दास वैष्णव अतिथि में विदाई समारोह आयोजित किया गया था जिसमें श्रमिको ने श्री रघुबीर प्रसाद साहू को श्री फल प्रतीक चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया योगेन्द्र दास वैष्णव वरुण तिवारी बिसालिक साहू गाणेश दास वैष्णव संबोधित किया वैष्णव ने कहा कि रघुबीर प्रसाद साहू सन् 1986 से कंपनी कार्य करते आ रहा लगभग 42 वर्ष कंपनी योगदान रहा श्रमिक एवं मालिक के प्रति कंपनी कैसे आगे बढ़े तथा श्रमिक भी सक्षम और प्रगति को हरसंभव प्रयासरत रहे श्रमिको के अच्छा व्यवहार मिलनसार तथा कंपनी के साथ परिवार में अपने पुत्र एवं पुत्री को उच्च शिक्षा करा जिम्मेदारी निर्वाहन किया सभी श्रमिको प्रेरणादायक उद्धरण हैं हम सभी उज्वल भविष्य कामना करते हुए दीर्घायु हो मंगलमय रहे विदाई के बाद बाजा के साथ भोथीपार खुर्द पुराना पारा निज निवास में परिवार सप्रेम भेंट किया तथा सभी श्रमिको गमछा परिवार जनों भेंट किया गया समारोह में कुलदीप साहू पालक यादव रमेश साहू रमेश सिन्हा तिहारू वेदप्रकाश साहू नंदकुमार केशव प्रसाद जनकलाल भूपत चेनल किशोर मिलन पटेल तेन सिंह यादव सहित कर्मचारी एवं परिवार जन उपस्थित रहा।



### नगर निगम ने की वर्षाकालीन तैयारियां तेज, सड़क, नाली, पेयजल एवं स्वच्छता कार्यों को प्राथमिकता

**राजनांदगांव 3 जुलाई।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। नगर पालिका निगम राजनांदगांव द्वारा वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए शहर में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, उद्यानों के संरक्षण तथा प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न विकास एवं जनसुविधा संबंधी कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं। राजनांदगांव शहर की विभिन्न सड़के पुरानी होने के कारण जर्जर हो गई हैं। वार्डों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण के लिए पार्षदों से प्रस्ताव प्राप्त कर शासन को स्वीकृति हेतु भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होने के बाद चरणबद्ध तरीके से निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए गड्ढों की मरम्मत एवं भराव की कार्ययोजना तैयार की गई है। आवश्यकता अनुसार प्राथमिकता के आधार पर सड़कों की मरम्मत कर आवागमन सुगम बनाया जाएगा। बारिश से पूर्व बड़े नालों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों की नालियों की व्यापक सफाई कराई जा रही है। जिन नालियों को सफाई के लिए खोला गया है, उन्हें कार्य पूर्ण होने के बाद पुनः ढकने की कार्रवाई की जाएगी। जहां मलबा अधिक मात्रा में है, वहां विशेष गैंग लगाकर सफाई कराई जा रही है ताकि वर्षा जल का निर्बाध निकास सुनिश्चित हो सके। शहर के ठेठवार पारा, बाल गोविंद चौक एवं तुलसीपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में नाली निर्माण कार्य प्रगति पर है। कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए संबंधित ठेकेदारों को निर्धारित समय-सीमा में निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नकटी गांव में रात के अंधेरे में हुई कार्रवाई अमानवीय दोषी अधिकारियों पर हो कड़ी कार्रवाई : बृजमोहन

**रायपुर 3 जुलाई।** सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने नकटी गांव में हुई बेदखली एवं तोड़फोड़ की कार्रवाई पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। नई दिल्ली से रायपुर लौटने के बाद सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि, नकटी के लोगों के साथ इस तरह का व्यवहार किसी भी सभ्य व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं हो सकता और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, जो भी लोग रात के अंधेरे मे गरीबों के आशियाने में बरसात में तोड़-फोड़ की है, वो माफ करने लायक नहीं हैं। उन लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

जहाँ तक नकटी की बात है, मैं पिछले 3 सालों से लगातार प्रयास कर रहा था कि इस समस्या का समाधान हो, नकटी वालों के साथ में मैं था, आज भी हूँ और कल भी रहूँगा। जिन अधिकारियों ने और जिन लोगों ने यह निष्ठुरता की है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि वर्ष 2025 में भी उन्होंने पत्र लिखकर ऐसी कार्रवाई को अनुचित बताया था और आज भी क्या वे उसी रुख पर कायम हैं, इस पर सांसद श्री अग्रवाल ने दो टूक कहा, मैं आज भी उसी स्टैंड पर हूँ। मुझे राजनीतिक जवाब देने की आवश्यकता नहीं है। जो नकटी गांव के लोगों का विषय है, वह बहुत संवेदनशील विषय है और उस विषय के ऊपर राजनीति करने की बजाय उनके साथ खड़े होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन को मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करना चाहिए। यदि किसी कारणवश पुनर्वास की आवश्यकता हो, तो पहले सम्मानजनक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और उसके बाद ही कोई कदम उठाया जाए। रात के अंधेरे में इस प्रकार की कार्रवाई न केवल अनुचित है, बल्कि प्रशासनिक संवेदनशीलता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि जिन अधिकारियों ने अवैधानिक कार्यवाही की, उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने दोहराया कि नकटी गांव के प्रत्येक प्रभावित परिवार के सम्मानजनक पुनर्वास और न्याय के लिए उनका संघर्ष आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

**NOTICE U/S 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932**

It is hereby notified that M/S. R R KISAN BANDHU TATIBANDH, RAIPUR Registration No. 22202634572 Reference No. 4096636844 dated 26.05.2026 Undergone the following changes.

1. Mr Rohit Singhania has retired from the Partnership with effect from 01.07.2026.
2. Smt. Pragati Singhania joined the Partnership Firm with effect from 01.07.2026.
3. Smt. Shruti Singhania joined in the Partnership Firm with effect from 01.07.2026.

For, M/s. R R Kisan Bandhu, Raipur
Rahul Singhania
PARTNER

# घर-घर नल से शुद्ध पेयजल पहुंचने पर ग्राम टोलागांव में आई खुशहाली

**राजनांदगांव, 3 जुलाई।** जल जीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक परिवर्तनकारी अभियान साबित हो रहा है। इस योजना के माध्यम से राजनांदगांव जिले के विकासखंड डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत जारवाही के आश्रित ग्राम टोलागांव में वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हुआ है। आज गांव के घर-घर तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीणों के जीवन में सुखद बदलाव आया है। डोंगरगांव विकासखंड मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम टोलागांव में 136 परिवार निवासरत हैं। जल जीवन मिशन से पहले ग्रामीणों को पेयजल के लिए हैंडपंपों और अन्य पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। गर्मी के मौसम में पानी की कमी के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और श्रम दोनों की अधिक खपत होती थी। ग्रामीणों की इस समस्या को दूर करने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम में आधुनिक पेयजल अधोसंरचना विकसित की गई। योजना के तहत 520 मीटर राइजिंग मेन पाइपलाइन, 947 मीटर वितरण पाइपलाइन, 40 किलोलीटर क्षमता का 12 मीटर ऊँचा उच्चस्तरीय जलागार, क्लोरीनेटर कक्ष, इलेक्ट्रोक्लोरीनेशन प्रणाली, स्विच रूम तथा दो सबमर्सिबल पावर पंप स्थापित किए गए।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक/1546/लो.क.वि./न.पा.नि./2026 — रायगढ़, दिनांक 01/07/2026

**।। निविदा आमंत्रण सूचना।।**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'अ' में पी.डब्लू.डी. के भवन/सड़क एस.ओ.आर. (प्रभावशील दिनांक 01.01.2015) कार्य हेतु प्रचलित दर अनुसूची पर वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com/uad.cg.gov.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 24/07/26 को अपरान्ह 04:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 24/07/26 को अपरान्ह 04:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख | अमानत राशि एवं प्रपत्र शुल्क (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रभारी मंत्री मद से नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य। (शासकीय स्कूल पंजरी प्लांट में) | 08.00 | 6,000/750 |
| 2 | निकाय मद से नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 42 ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रैन बसेरा में पोताई एवं मरम्मत कार्य। | 03.89 | 5,000/750 |

नोट:- कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्तें कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. रायगढ़

# चौपाटी, पुष्पवाटिका,लक्ष्मण झूला की मरम्मत कर चालू किया गया

**राजनांदगांव 3 जुलाई।** निगम सीमाक्षेत्र स्थित उद्यानो का मरम्मत कर उनका संधारण किया जा रहा है। इसी कडी में नेहरू उद्यान, आर.के.नगर उद्यान, चैपाटी एवं पुष्पवाटिका का मरम्मत कर वहा आवश्यक खेल उपकरण झुला आदि नया लगाया गया है। इसके अलावा लक्ष्मण झुला का मरम्मत कर पुनः चालू किया गया है। उक्त उद्यान नई साज सज्जा के साथ दोपहर 12 से रात्रि 8 बजे तक नागरिको के मनोरंजन के लिए चालू रखा जा रहा है। उद्यान संधारण के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्र के कई उद्यान पुरानी होने के कारण जीर्णशीर्ण स्थिति में आ गयी थी, उक्त उद्यानों का महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम द्वारा मरम्मत किया जा रहा है। शीतला मंदिर समीप स्थित नेहरू उद्यान, आर.के.नगर के उद्यान के अलावा चैपाटी व पुष्पवाटिका का मरम्मत संधारण किया गया है, शेष उद्यानो को भी प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत किया जायेगा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि शहर का प्रमुख उद्यान चैपाटी पुष्पवाटिका भी जर्जर हो गयी थी, जिसे मरम्मत किया गया है। उद्यान का प्रमुख हिस्सा लक्ष्मण झुला को मरम्मत कर चालू किया गया है। लक्ष्मण झुला चालू हो जाने से नागरिको को चैपाटी से पुष्पवाटिका जाने में जो परेशानी आ रही थी उससे अब निजात मिल जायेगा और वे चैपाटी से पुष्पवाटिका तक पूर्व की तरह आसानी से जा सकते है। उन्होंने बताया कि उद्यान के पाथवे का मरम्मत कर झुला एवं जीम उपकरण भी दुरूस्त किया गया है। इसके अलावा कबाड से जुगाड के तहत अनुपयोगी समाग्री से निर्मित शेर भी लगाया गया है, उक्त स्थल को शेल्फी पाईंट के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि नागरिको की सुविधा के लिए पुष्पवाटिका में सर्वसुविधायुक्त आकाक्षी शौचालय का भी निर्माण किया गया है। आयुक्त ने बताया कि महापौर महोदय द्वारा इस वित्तीय वर्ष के बजट में उद्यानो के संरक्षण संवर्धन का प्रावधान रखा गया है, जिसके क्रियान्वयन के लिए विभागीय प्रक्रिया की जा रही है, ताकि उद्यानो को दुरूस्त कर नागरिको के लिए सभी सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि नागरीकगण दोपहर 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक चैपाटी एवं पुष्पवाटिका का स्वस्थ्य मनोरंजन के लिए आनंद उठा सकते है।



### शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव, नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत



**सिमगा 3 जुलाई ।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। विकासखंड के ग्राम औरैठी स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव एवं नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण कार्यक्रम उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय परिवार एवं सरपंच प्रतिनिधि नरेश साहू ने विधायक का पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का सबसे सशक्त आधार है। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के उज्वल भविष्य की पहली पाठशाला है, जहां से संस्कार, अनुशासन, ज्ञान और जीवन मूल्यों की नींव रखी जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, शिक्षकों का सम्मान करने, अनुशासन का पालन करने तथा मन लगाकर अध्ययन करने का आग्रह किया। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और उन्हें प्रतिदिन विद्यालय भेजकर उनके सपनों को साकार करने में सहयोग करें। विधायक साव ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक बच्चे को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि ग्रामीण अंचलों के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 30.06.2026

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक 15.07.2026 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | आमंत्रण |
|---|---|---|---|
| 221/194468 | सी.एस.व्ही.टी.यू. नेवई, भिलाई में उपलब्ध समस्त बोर पंप को आपस में जोडने संबंधी जी.आर. पाईप लाईन का कार्य सहित पंप रूम निर्माण कार्य एवं परिसर में नव निर्मित 04 नग शैक्षणिक भवनों में गर्ल्स कॉमन रूम अटैच वॉशरूम सहित कार्य | 29.79 | द्वितीय |
| 222/194469 | खैरागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत कार्य (जोनल एजेन्सी) | 25.00 | द्वितीय |
| 223/194470 | खैरागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो का विशेष मरम्मत कार्य (जोनल एजेन्सी) | 24.98 | द्वितीय |
| 224/194475 | नवागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य (जोनल एजेन्सी) | 12.00 | द्वितीय |
| 225/194472 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग क्र. 01 बालोद के अंतर्गत जिला बालोद के अंतर्गत विद्यमान सड़कों के रोड सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार सडक सुधार एव सुरक्षा का कार्य | 168.63 | द्वितीय |
| 226/194473 | खैरागढ ब्लॉक के घोघेडबरी से चिचोला मार्ग कि.मी. 1/2 से 1/6 (100) कि.मी. में विशेष मरम्मत कार्य | 11.97 | तृतीय |
| 227/194474 | पंडरिया के नगर पंडरिया में गांधी नगर चौक से मुख्य मार्ग के पेट्रोल पम्प तक आदर्श रोड़ के रूप में 2.00 कि.मी. नवीनीकरण कार्य | 65.13 | छः |

टीप
1. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

जी-262701847/7

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
दुर्ग मण्डल, दुर्ग

## एक नजर

### केबिनेट की बैठक 8 जुलाई को

**रायपुर, 3 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद् (केबिनेट) की बैठक बुधवार, 08 जुलाई को सवेरे 11.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में होगी।

### जनपद सदस्य निषाद ने भाजपा से दिया इस्तीफा

**रायपुर, 3 जुलाई।** नकटी की घटना से आहत धरसींवा के जनपद सदस्य दयाशंकर निषाद ने



भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पोस्ट कर लिखा है कि, मेरे प्रिय मित्रों मैं दयाशंकर निषाद जनपद सदस्य धरसीवां नगरगांव का रहने वाला आज मै बहुत भरे हुए मन से और हृदय से आहत होकर ये बात आप सब के साथ साझा कर रहा हूँ पिछले 10 वर्षों से मैं भाजपा का एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में काम किया हूं और विगत चुनावों में बढ़ चढ़ कर भाजपा के लिए काम किया किंतु मेरा मन आज बहुत आहत है जो घटना ग्राम नकटी में घटित हुआ है वो आज हमारे धरसीवां ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ के लिए काला अध्याय बन गया न जाने कितने गरीब, असहाय, बच्चों का आशियाना आज उजाड़ दिया गया और सोशल मीडिया के माध्यम से जो प्रचारित वीडियो को देख कर मन और दुखी हो गया। मैं आज इस घटना से आहत होकर भाजपा के प्राथमिक सदस्य से अपना त्याग कर रहा हूं।

### अमेजन पे के साथ करें ज्यादा से ज्यादा बचत

**रायपुर, 3 जुलाई।** अमेज़न प्राइम डे 2026 भारत में 4 से 6 जुलाई को आ रहा है। यह आपके लिए एक्सक्लूसिव डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन लेकर आएगा। लेकिन एक बेहतरीन डिस्काउंट ढूंढना तो बस आधी कहानी है। बाकी आधी कहानी यह है कि इन डील्स के साथ-साथ आपको कैशबैक, रिवॉर्ड्स और ब्याज-मुक्त भुगतान का भी पूरा फायदा मिल सकता है।कोई भी काम शुरू करने से पहले, यह पक्का कर लें कि सेल शुरू होने से पहले आपकी अमेज़न प्राइम मेंबरशिप एक्टिव हो। लाखों प्रोडक्ट्स पर एक्सक्लूसिव डील्स और फ्री डिलीवरी का लाभ उठाने के अलावा, आपकी मेंबरशिप पूरे प्लेटफॉर्म पर ज़्यादा कैशबैक रिवॉर्ड्स कमाने का मौका देती है। योग्य ग्राहक अपनी शॉपिंग और मनोरंजन की ज़रूरतों के हिसाब से कई तरह के प्लान्स, जैसे सालाना या लाइट सब्सक्रिप्शन टियर्स, में से चुन सकते हैं।

### सदर बाजार में 'हमर अस्पताल' का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होगा : कन्हैया

**रायपुर, 3 जुलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल और अतुल रघुवंशी के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने सदर बाजार वार्ड में अर्ध-निर्मित 'हमर अस्पताल' के भवन निर्माण को पूर्ण कराने हेतु स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक को पत्र लिखकर मामले का परीक्षण करने और निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर, सुलभ और मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शहरी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के माध्यम से 'हमर अस्पताल' की स्वीकृति दी गई थी।

### पत्रकार सुखनंदन बंजारे नहीं रहे

**रायपुर, 3 जुलाई।** मोवा, आदर्श नगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार व गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति



अकादमी के विशेष सहयोगी साथी सुखनंदन बंजारे (49 वर्ष) नहीं रहे। वे शत्रुघन बंजारे के पुत्र, देवेंद्र कुमार बंजारे के भाई, रामेश्वरी बंजारे के पति व युक्ता बंजारे, देवांश बंजारे के पिता थे। सुखनंदन बंजारे का अंतिम संस्कार आज देवेंद्र नगर स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

**सीएम ने जताया शोक:** वरिष्ठ पत्रकार सुखनंदन बंजारे का आज निधन हो गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुखनंदन बंजारे के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री साय ने अपने शोक संदेश में कहा कि वरिष्ठ पत्रकार सुखनंदन बंजारे के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों, आत्मीयजनों और शुभचिंतकों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति दें।

# ड्रग पैडलर नव्या मलिक केस की जांच अब एसआईटी के हवाले

**रायपुर, 3 जुलाई।** ड्रग्स क्वीन नव्या मालिक के चर्चित एमडीएमए ड्रग तस्करी मामले में अब जांच का दायरा और व्यापक कर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने इस हाई-प्रोफाइल मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंप दी है। अब तक स्थानीय पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अलग-अलग पहलुओं की जांच कर रहे थे, लेकिन अब एसआईटी पूरे नेटवर्क, सप्लाई चेन, आर्थिक लेन-देन और डिजिटल साक्ष्यों की एक साथ पड़ताल करेगी।

एसआईटी के गठन के साथ ही जांच केवल ड्रग्स की बरामदगी या गिरफ्तार आरोपियों तक सीमित नहीं रहेगी। टीम यह पता लगाएगी कि एमडीएमए की सप्लाई कहां से हो रही थी, नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल थे और इस कारोबार से जुड़ी अवैध कमाई का इस्तेमाल किन माध्यमों से किया गया। इसके अलावा यह भी जांच होगी कि इस गिरोह के तार अन्य राज्यों या अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े थे या नहीं। इस विशेष जांच दल में एक सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी), दो निरीक्षक सहित पांच सदस्य शामिल किए गए हैं। टीम का मुख्य उद्देश्य ड्रग सिंडिकेट के पूरे ढांचे को सामने लाना और नेटवर्क से जुड़े हर व्यक्ति की भूमिका की जांच करना होगा। यह मामला 23 अगस्त 2025 को सामने आया था।

उस समय रायपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हर्ष आहुजा, मोनू बिसनाई और दीप धनेरिया को एमडीएमए ड्रग के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ी तो मुंबई से नव्या मलिक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का आरोप है कि वह रायपुर के हाई-प्रोफाइल क्लबों, पार्टियों और नाइट लाइफ से जुड़े लोगों तक एमडीएमए की सप्लाई कराने में अहम कड़ी थी। पुलिस की चार्जशीट में दावा किया गया है कि ड्रग तस्करी का पूरा नेटवर्क मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए संचालित किया जा रहा था। जांच के दौरान ऐसे इनपुट भी मिले कि आरोपी मोनू बिश्नोई के माध्यम से कई लोगों तक ड्रग्स पहुंचाई जाती थी। चार्जशीट में कुछ अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी भूमिका की जांच अभी जारी है।

एसआईटी अब सबसे पहले एमडीएमए के मूल स्रोत की तलाश करेगी। यह पता लगाया जाएगा कि ड्रग्स कहां से लाई जाती थी, इसका मुख्य सप्लायर कौन था और रायपुर तक इसकी सप्लाई किन माध्यमों से की जाती थी। इसके साथ ही रायपुर, मुंबई और अन्य राज्यों से जुड़े सप्लायर, कुरियर नेटवर्क और रिसीवरों की पहचान भी जांच का अहम हिस्सा होगी।



### आरोपियों की भूमिका की भी अलग अलग विश्लेषण करेगी जांच एजेंसी

जांच एजेंसी नव्या मलिक सहित अन्य आरोपियों की भूमिका का भी अलग-अलग विश्लेषण करेगी। इसमें ड्रग्स की खरीद, बिक्री, भंडारण और वितरण में किसकी क्या जिम्मेदारी थी, इसका विस्तृत परीक्षण किया जाएगा। साथ ही बैंक खातों, यूपीआई ट्रांजेक्शन, नकद लेन-देन और कथित ड्रग कारोबार से अर्जित आय की भी जांच होगी, ताकि पूरे मनी ट्रेल का खुलासा किया जा सके। एसआईटी निजी पार्टियों, क्लबों, पब और अन्य आयोजनों में एमडीएमए की सप्लाई के पैटर्न की भी जांच करेगी। यह भी देखा जाएगा कि क्या इस नेटवर्क को किसी प्रभावशाली व्यक्ति, कारोबारी या अन्य लोगों का संरक्षण या आर्थिक मदद मिल रही थी। यदि ऐसे तथ्य सामने आते हैं तो संबंधित लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में लाई जाएगी।

### डिजिटल फोरेंसिक जांच भी होगी महत्वपूर्ण हिस्सा

डिजिटल फोरेंसिक जांच भी इस मामले का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी। आरोपियों के मोबाइल फोन, लैपटॉप, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), व्हाट्सएप चैट, सोशल मीडिया गतिविधियों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का वैज्ञानिक विश्लेषण किया जाएगा। इसके आधार पर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने और पूरे गिरोह की कार्यप्रणाली को समझने की कोशिश की जाएगी।

इसके अलावा एसआईटी उन लोगों की भी पहचान करेगी जिन्होंने ड्रग्स खरीदी या नेटवर्क के संपर्क में रहे। चार्जशीट में दर्ज नामों के अलावा अन्य संभावित उपभोक्ताओं और सहयोगियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। जांच एजेंसियों का मानना है कि एसआईटी के गठन से इस हाई-प्रोफाइल ड्रग नेटवर्क की कई नई परतें खुल सकती हैं और पूरे सिंडिकेट का खुलासा होने की संभावना है।

# नकटी गांव में बुलडोजर कार्रवाई पर कांग्रेस करेगी प्रदेशव्यापी आंदोलन

**रायपुर, 3 जुलाई।** रायपुर जिले के नकटी गांव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान 85 मकान तोड़े जाने के मुद्दे पर कांग्रेस ने राज्य



सरकार के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। कांग्रेस ने घोषणा की है कि प्रदेशभर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पार्टी का आरोप है कि बरसात के मौसम में कार्रवाई कर दर्जनों परिवारों को बेघर कर दिया गया।

प्रदेश कांग्रेस का कहना है कि वर्षाकाल में लोगों के आशियाने उजाड़ना अमानवीय है। पार्टी के अनुसार, इस कार्रवाई से प्रभावित परिवारों के सामने आवास और आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस नकटी गांव के प्रभावित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गरीबों के घर तोड़ रही है, जबकि पुनर्वास और वैकल्पिक व्यवस्था पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी। प्रदेश कांग्रेस के अनुसार, पार्टी के विधायकों ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने और समुचित पुनर्वास की मांग की है। पत्र में बिना पुनर्वास व्यवस्था सुनिश्चित किए किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने का आग्रह किया गया है।

कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि जब तक प्रभावित परिवारों को उचित पुनर्वास और न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। पार्टी ने सभी जिला और ब्लॉक इकाइयों को प्रदर्शन की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन के माध्यम से सरकार पर दबाव बनाया जाएगा।

### सरकार जुलाई माह से ही मनरेगा के कार्य खोले : दीपक बैज

**रायपुर, 2 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार मनरेगा के काम जुलाई माह से शुरू करें, ताकि मजदूरों को बारिश में भी काम मिल सके। छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल ने मनरेगा के राम स्वरूप का अनुमोदन करते हुए केंद्र और राज्य का खर्च 60 एवं 40 प्रतिशत की मंजूरी दे दिया है। यह राज्य की जनता पर बोझ है। छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल को भी मध्यप्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के समान इस कानून पर राज्य के हित में आपत्ति जताना था। यही नहीं भाजपा शासित राज्यों ने किसानी काम के समय मनरेगा के काम बंद करने पर भी आपत्ति जताया है जबकि छत्तीसगढ़ सरकार में बैठे नेताओं ने अपनी कुर्सी बचाने राज्य के हित में विरोध करने की हिम्मत नहीं दिखाई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ने कहा कि बड़ा प्रश्न यह है कि राज्य के वित्तीय संसाधन सीमित है। राज्य का सारा टैक्स तो जीएसटी के माध्यम से केंद्र लेता है फिर मनरेगा का बोझ राज्य पर डालने से राज्य के अन्य कार्य प्रभावित होंगे। भाजपा सरकार पिछले ढाई साल से वित्तीय रोना रोकर वैसे ही कोई नई योजना नहीं शुरू कर पाई है, अब मनरेगा का भार उठाने के बाद राज्य के और काम भी प्रभावित होंगे। यह फैसला राज्य की जनता के साथ धोखा है। राज्य को मनरेगा के मामले में केंद्र के सामने विरोध प्रकट करना था कि पूरा खर्च केंद्र उठाये या उसके लिए विशेष सहायता करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल के द्वारा मनरेगा के वित्तीय प्रावधान में 60-40 की मंजूरी दिये जाने का निर्णय राज्य के जनता पर अन्याय है। अभी तक मनरेगा केंद्र प्रवर्तित योजना थी, अब इसमें 40 प्रतिशत भाग राज्य को देना होगा। केंद्र सरकार की चाटुकारिता में साय सरकार ने राज्य के हितों का ख्याल नहीं रखा।

# एसआई प्रारंभिक परीक्षा 12 को

**रायपुर, 3 जुलाई।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की सूबेदार, उप निरीक्षक कैडर और प्लाटून कमांडर (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन 12 जुलाई, रविवार को होगा। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। बस्तर जिले में इसके लिए 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 2104 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।



जिला प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से कराने की तैयारी पूरी कर ली है। जगदलपुर में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में सबसे अधिक 450 अभ्यर्थी शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धरमपुरा में परीक्षा देंगे। पी.एम. श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल, धरमपुरा में 304 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, शांतिनगर में 300 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोल बाजार में 350 अभ्यर्थियों के लिए केंद्र बनाया गया है। पुराना गीदम नाका स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 में 400 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। वहीं रेलवे कॉलोनी स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 300 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने सभी केंद्र प्रभारियों को परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सुरक्षा, निगरानी और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। अभ्यर्थियों से कहा गया है कि वे प्रवेश पत्र और पहचान पत्र के साथ निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचें, ताकि प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।

# राजधानी के खेल पत्रकारों का सम्मान

**रायपुर, 3 जुलाई।** विश्व खेल पत्रकार दिवस पर रायपुर प्रेस क्लब द्वारा खेल पत्रकारों के सम्मान में आत्मीय मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल जगत की खबरों को जन-जन तक पहुँचाने वाले वरिष्ठ एवं युवा खेल पत्रकारों का सम्मान किया गया तथा खेल पत्रकारिता के विभिन्न आयामों पर सार्थक चर्चा हुई। समारोह के दौरान वरिष्ठ एवं युवा खेल पत्रकारों ने अपने-अपने दौर के यादगार, प्रेरक और चुनौतीपूर्ण अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में भी मैदान से खबरें जुटाकर उन्होंने खेल प्रेमियों तक सटीक और विश्वसनीय जानकारी पहुँचाई। साथ ही खेल पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, नई तकनीकों और भविष्य की चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया।




कार्यक्रम में खेल पत्रकारिता जगत के अनेक वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित पत्रकार उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से राजेश दुबे, प्रशांत शर्मा, प्रकाश शर्मा, विजय मिश्रा, डॉ. कमलेश गोगिया, शंकर चंद्राकर, पी. रामाराव नायडू, दिनेश कुमार, हेमंत डोंगरे, सुशील अग्रवाल, अख्तर हुसैन, पवन सिंह ठाकुर, अजय सक्सेना, स्टार जैन, प्रवीण सिंह, लवेंदर सिंघोत्रा एवं मनीष वोरा संतोष साहू जूनियर शामिल रहे।

इस अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने कहा कि खेल पत्रकार केवल मैचों की रिपोर्टिंग तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे खिलाड़ियों के संघर्ष, उपलब्धियों और खेल संस्कृति को समाज तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। उनकी लेखनी और रिपोर्टिंग नई प्रतिभाओं को पहचान दिलाने तथा खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के महासचिव गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव निवेदिता साहू एवं भूपेश जांगड़े, कार्यकारिणी सदस्य संदीप पुराणिक, संतोष साहू, संजीव सिन्हा, चंदन साहू, अंशुमान शर्मा तथा जाकिर घुड़सेना सहित प्रेस क्लब के अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

### गांजा की खेती पर रोक लगाने की मांग पर पीएमओ का ओडिशा सरकार को पत्र

**रायपुर, 3 जुलाई।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर ओडिशा में गांजे की खेती पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी।



प्रधानमंत्री कार्यालय ने त्वरित कार्रवाई कर रमेश आहूजा के मोबाइल पर जवाब भेजा कि ओडिशा के एक्साईज कमिश्नर प्रसन्न कुमार नायक को आपका पत्र आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।

आहूजा ने कहा कि नहरपारा विकास समिति हमेशा जनहित व समाज सुधार के कार्य करती आ रही है पहले नहरपारा बॉटलनेक सड़क का 10 मी. चौड़ीकरण कराया फिर मुस्कान प्रोविजन नहरपारा से ट्रांसफार्मर हटवाया फिर युवा लोगों की अकाल मृत्यु से बचाने के लिए हाइवे में हेलमेट अनिवार्य करने का प्रयास कर रही है। आहूजा ने कहा कि छ.ग. व ओडिशा में बड़े बड़े नेता हैं पर किसी ने ओडिशा में गांजे की खेती पर प्रतिबंध लगाने की मांग नहीं की। युवाओं को नशे से बचाने व तस्करी रोकने का कार्य नहरपारा विकास समिति कर रही है। पूरे देश में ओडिशा से गांजे की तस्करी पिछले 25-30 वर्ष से हो रही है इस पर रोक लगाने के लिए ओडिशा में गांजे की खेती पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। आहूजा ने प्रधानमंत्री मोदी को इस समस्या पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए धन्यवाद दिया।

# गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में करना है प्रभावी कार्य

**रायपुर, 3 जुलाई।** विकासखंड बेरला के नगर बेरला में आयोजित ब्लॉक स्तरीय जन सम्मेलन एवं विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM-G) योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, ग्रामीणों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में योजना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' का




उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का विस्तार करना, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य करना है। यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ पंचायतों में विकास के कार्यों को गति देना है। और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### रथयात्रा पर रेलवे चलाएगा स्पेशल ट्रेन

**रायपुर, 3 जुलाई।** रथयात्रा के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा (ट्रेन ऑन डिमांड) टीओडी स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए इन विशेष ट्रेनों में वर्तमान में रिक्त बर्थ उपलब्ध हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि वे इन विशेष ट्रेनों में उपलब्ध बर्थों का लाभ उठाकर अपनी यात्रा को सुगम एवं सुविधाजनक बनाएं तथा नियमित ट्रेनों पर भीड़ कम करने में सहयोग करें।

यात्री टिकट आरक्षण से पूर्व उपलब्धता की जानकारी अधिकृत रेलवे आरक्षण केंद्रों एवं आईआरसीटीसी के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। यात्री रेलवन ऐप के माध्यम से आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट बुक करने, पीएनआर स्थिति, ट्रेन की लाइव रनिंग स्टेटस, कोच पोजिशन तथा अन्य रेलवे सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं उपलब्ध बुकिंग के आधार पर विशेष ट्रेनों के संचालन की लगातार समीक्षा की जा रही है।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायक रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

**कार्यक्रम** | सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार जनता के प्रति पूरी तरह जवाबदेह

# 'सहयोग केन्द्र' में राजस्व मंत्री ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

**रायपुर, 3 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद के लिए संचालित 'सहयोग केन्द्र' की नियमित कड़ी में गुरुवार को प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास और उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा पहुँचे। वर्मा ने प्रदेशभर से आए कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी आवेदनों, मांगों व सुझावों को बेहद संवेदनशीलता के साथ सुना। 'सहयोग केन्द्र' में विभिन्न विषयों से जुड़े मामलों के आवेदन बड़ी संख्या में प्राप्त हुए। वर्मा ने कई मामलों में फोन पर ही संबंधित अधिकारियों को तुरंत फोन लगाकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार जनता के प्रति पूरी तरह जवाबदेह है। 'सहयोग केन्द्र' के माध्यम से सत्ता और संगठन के बीच सीधा समन्वय स्थापित हो रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं की समस्याओं का बिना किसी देरी के निराकरण किया जा रहा है।



राजस्व विभाग से जुड़े मामलों को तेजी से निपटाने के लिए प्रक्रियाओं का सरलीकरण और डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है, ताकि आम जनता को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। वर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच की मजबूत कड़ी हैं। उनके द्वारा लाए गए सार्वजनिक हित के मुद्दों और सुझावों पर प्राथमिकता के साथ अमल किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, सहयोग केंद्र प्रभारी सच्चिदानंद उपासने उपस्थित रहे।

### संविलियन की मांग पर अतिथि शिक्षक हड़ताल पर

**रायपुर, 3 जुलाई।** अतिथि शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। प्रांतीय अतिथि शिक्षक विद्यामितान कल्याण संघ के नेतृत्व में दुर्ग समेत प्रदेश के कई जिलों में कार्यरत अतिथि शिक्षक अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर बैठ गए हैं। इससे सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। आंदोलनरत शिक्षकों का कहना है कि वे पिछले करीब 12 वर्षों से प्रदेश के विभिन्न जिलों, विशेषकर बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों में विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं। शिक्षण कार्य के अलावा उनसे कई प्रशासनिक और विभागीय जिम्मेदारियां भी निभाई जाती हैं, लेकिन उन्हें केवल 20 हजार रुपये मानदेय दिया जाता है। उनका कहना है कि समान कार्य करने के बावजूद उन्हें नियमित शिक्षकों जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। इसलिए वे संविलियन और समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग कर रहे हैं। संघ के अनुसार प्रदेश में करीब 1,532 विद्यामितान अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। उनका आरोप है कि उन्हें अवकाश जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। कई बार सरकार और विभाग के समक्ष अपनी मांग रखने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

# व्यापारियों ने की आईटी के मुख्य आयुक्त से मुलाकात



**रायपुर, 3 जुलाई।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं कर प्रणाली के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा व्यापारियों एवं आयकर विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने आज राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी के नेतृत्व में चीफ कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स संजीव से सौजन्य भेंट कर विभिन्न व्यापारिक एवं कर संबंधी विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक के दौरान प्रदेश के व्यापारियों के समक्ष आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों एवं आयकर संबंधी प्रक्रियाओं को सरल बनानेए स्वैच्छिक कर अनुपालन को बढ़ावा देने तथा व्यापारियों में जागरूकता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक विचार विमर्श हुआ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26